भोपाल, शनिवार
08 मार्च 2025

दैनिक मध्य स्वर्णिम

सच्ची ख़बर, सबकी ख़बर...

वर्ष - 12 ▪ अंक-191 ▪ पृष्ठ-08 ▪ मूल्य-₹02

यह क्यूआर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर...
Scan QR Code to Read ePaper
www.madhyaswarnim.com

# खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा : मोदी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया अभियान का शुभारंभ

मध्य स्वर्णिम

**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह संतृप्ति अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा।पीएम मोदी ने कहा कि सूरत अनेक मामलों में गुजरात और देश का एक अग्रणी शहर है। सूरत आज गरीब और वंचित को भोजन और पोषण की सुरक्षा देने में आगे निकल रहा है। यहां आज जो खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान चलाया गया है। यह दूसरे जिलों और राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।उन्होंने कहा कि यह अभियान सुनिश्चित करता है कि न कोई भेदभाव, न कोई छूटे, न कोई रूठे और न कोई किसी को ठगे। यह अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा।



जब सरकार ही लाभार्थी के दरवाजे पर जा रही है, तो कोई छूटेगा कैसे और जब कोई छूटेगा नहीं तो कोई रूठेगा कैसे। जब सोच यह हो कि हमें सब तक लाभ पहुंचाना है, तो ठगने वाले दूर भाग जाते हैं।पीएम मोदी ने कहा कि मुझे संतोष है कि हमारी सरकार गरीबों की सच्ची साथी बनकर खड़ी है।

### पांच करोड़ से ज्यादा फर्जी राशन कार्ड सिस्टम से हटाए

उन्होंने कहा कि पहले एक जगह का राशन कार्ड दूसरी जगह नहीं चलता था। हमने इस समस्या का समाधान किया। हमने वन नेशन वन राशन कार्ड लागू किया। अब राशन कार्ड चाहे कहीं का भी हो, लाभार्थी को उसका फायदा देश के हर शहर में मिलता है। देश में पांच करोड़ से ज्यादा फर्जी राशन कार्ड धारक थे। हमारी सरकार ने उन्हें सिस्टम से हटा दिया। हमने राशन सिस्टम को आधार कार्ड से जोड़ा। बीते दशक में पूरे देश में हमने गरीब को सशक्त करने के लिए मिशन मोड पर काम किया। गरीब के इर्द गिर्द एक सुरक्षा कवच बनाया गया ताकि उसे किसी के सामने भी हाथ फैलाने की नौबत न आए। पक्का घर हो, शौचालय हो, गैस कनेक्शन हो, नल कनेक्शन हो।

### मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होंगे। साप्ताहिक ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीएम मोदी मुख्य अतिथि के रूप में समारोह का हिस्सा बनेंगे। वे 11-12 मार्च को मॉरीशस के दौरे पर रहेंगे। इसके अलावा भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेगी।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 11 और 12 मार्च को मॉरीशस में होंगे। यहां वह मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। समारोह में भारतीय नौसेना के एक जहाज के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी भाग लेगी।

# राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर बनेगा मनमोहन सिंह का स्मारक

**नई दिल्ली (मध्य स्वर्णिम)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर ही बनेगा। इसे पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के स्मारक के पास बनाया जाएगा। बताया जाता है कि पूर्व पीएम के परिवार ने स्मारक को लेकर सहमति जता दी है। बताया जाता है कि मनमोहन सिंह के परिजनों ने आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर प्रस्तावित स्थल को मंजूरी दे दी है। परिवार ने विभाग को स्वीकृति पत्र भेज दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को निधन हो गया था। दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद से पूर्व पीएम के स्मारक स्थल को लेकर विवाद शुरू हो गया था।



पिछले दिनों सरकार ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के स्मारक स्थल को लेकर जगह की तलाश शुरू कर दी थी।इसके लिए राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार के लिए निर्धारित स्थान राष्ट्रीय स्मृति स्थल, पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के स्मारक किसान घाट के पास, संजय गांधी की समाधि के पास जमीन देखी थी। इसके अलावा पूर्व पीएम की तीन बेटियों और उनके पतियों ने भी प्रस्तावित स्मारक स्थल का दौरा किया था।सरकार की ओर से पूर्व पीएम के स्मारक के लिए राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर प्रस्तावित किया गया स्थान लगभग 900 वर्ग मीटर में फैला है। यहां कई पूर्व प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों के स्मारक हैं।

## @खबर संक्षेप

### प्रतीश मेहता आईफा में बेस्ट डायरेक्टर नामांकित

**उज्जैन।** देश की गुलाबी नगरी जयपुर में आज से आईफा अवॉर्ड 2025 का आयोजन होने वाला है। जिसके आमंत्रण आईफा अवॉर्ड में शामिल होने वाले मेहमानों को भेज दिए गए हैं। इस अवार्ड फंक्शन में शामिल होने का निमंत्रण उज्जैन के ऋषिनगर निवासी प्रतीश मेहता के पास भी पहुंचा है। जिनका नाम इस बार बेस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन हुआ है। प्रतीश कोटा कोटा फैक्ट्री सीजन-3 के डायरेक्टर हैं। विगत माह देश के ख्यातनाम डायरेक्टरों में से चयनित 5 नामों में प्रतीश लव मेहता का भी नामिनेशन हुआ था।इससे पहले प्रतीश मेहता हाफ सीए और एसकेसर की क्लास जैसी ज्वलंत मुद्दों पर वेब सीरीज का निर्देशन कर चुके हैं। इसके लिए वे फिल्म फेयर अवार्ड के लिए भी नामांकित हो चुके हैं। हाल ही में वे सोनी लाइव पर राज श्री प्रोडक्शन द्वारा निर्मित सिरियल बड़ा नाम करेंगे में भी अपनी अभिनय क्षमता का परिचय देते नजर आ रहे हैं।

### ट्रंप ने ईरान को लिखा पत्रपरमाणु समझौते के लिए दिया न्योता

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत करना चाहते हैं। इसे लेकर उन्होंने गुरुवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनई को एक पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने परमाणु समझौते पर फिर से बातचीत शुरू करने की पहल की है। एक समाचार एजेंसी के साथ एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप बातचीत करेंगे, क्योंकि यह ईरान के लिए बहुत बेहतर होगा। मुझे लगता है कि वे उस पत्र को पाना चाहते हैं। दूसरा विकल्प यह है कि हमें कुछ करना होगा, क्योंकि आपको एक और परमाणु हथियार नहीं बनने दे सकते हैं। वहीं ईरान के विदेश मंत्रालय की ओर से ट्रंप की टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। ट्रंप ने कहा, 'ईरान से निपटने के दो तरीके हैं: सैन्य तरीके से या फिर आप समझौता कर लें।' मैं समझौता करना पसंद करूंगा, क्योंकि मैं ईरान को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता। वे अच्छे लोग हैं।' जनवरी में दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी विदेश नीति में परिवर्तन करते हुए रूस के प्रति अधिक समझौतापूर्ण रुख अपनाया है, जिससे पश्चिमी सहयोगी चिंतित हो गए हैं।

# बड़ा तालाब हमारी समृद्ध धरोहर का हिस्सा: डॉ. मोहन यादव

## भोपाल झील का होगा सर्वे, अवैध निर्माण पर चलेगा शासन का हथौड़ा

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल का बड़ा तालाब हमारी समृद्ध धरोहर का हिस्सा है, सर्वे कराकर इसके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। बड़े तालाब के आस-पास हो रहे अवैध निर्माण और सीहोर से बड़े तालाब में आने वाले जल को अवरूद्ध करने वाली संरचनाओं के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। सभी जिम्मेदार अधिकारी भोपाल ताल के आस-पास हो रही निर्माण गतिविधियों के प्रति सतर्क रहें और उनके विरूद्ध तत्काल कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की नदियों तथा अन्य जल संरचनाओं को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए इनके आस-पास की औद्योगिक इकाईयों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित हो कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा उनके यहां से निकलने वाले डिस्चार्ज का प्लांट में ही ट्रीटमेंट किया जाए, बड़े होटलों पर भी यह व्यवस्था लागू हो। बैठक में सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत क्षिप्रा तथा कान्ह नदी के जल की गुणवत्ता की निरंतर मॉनिटरिंग तथा इस संबंध में जनजागृति के लिए विशेष गतिविधियां चलाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरचनाओं में जल जीवों, जल वनस्पतियों की स्थिति और जल की गुणवत्ता के अध्ययन के लिए विश्वविद्यालयों को भी साथ जोड़ा जाए।



### लाड़ली बहनों के खाते में आज आएगी राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज महिला दिवस पर उन उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित करेंगे, जिन्होंने प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता एवं साहसिक कार्यों में उल्लेखनीय कार्य किया है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला, बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार का वितरण करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रूपये की मासिक किश्त का अंतरण भी करेंगे।उल्लेखनीय है कि महिला, बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिये राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार (2023), राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार (2023-24), रानी अवंति बाई वीरता पुरस्कार (2024) और श्री विष्णु कुमार महिला एवं बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार (2024) शामिल हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव महिला दिवस के अवसर पर लाड़ली बहना योजना में माह मार्च 2025 की 1.27 करोड़ लाभार्थी महिलाओं के खाते में लगभग 1552.73 करोड़ रूपये की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे।

### विधानसभा सत्र की सीएम ने समीक्षा की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10 मार्च से आरंभ हो रहे विधानसभा सत्र की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रश्नों और ध्यानाकर्षण आदि के जवाब तथ्यात्मक और तर्कपूर्ण ढंग से दिए जाएं। उन्होंने लंबित शून्यकाल, अपूर्ण उत्तर, आश्वासन और लोक लेखा समिति की सिफारिशों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में बताया गया कि पंद्रह दिवसीय सत्र में 9 बैठकें होंगी, इस सत्र में 5 विधेयक प्रस्तुत होना संभावित हैं। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव जे.एन. कंसोटिया तथा विधि एवं विधायी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# धारावी प्रोजेक्ट पर रोक से 'सुप्रीम कोर्ट' का इंकार



मध्य स्वर्णिम

**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने अडानी ग्रुप की धारावी पुनर्विकास परियोजना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अडानी ग्रुप के सामने कुछ शर्तें जरूर रखी गई हैं। कोर्ट ने कहा कि अडानी ग्ररुप को दिया गया प्रोजेक्ट अदालती आदेशों के अधीन है। सुप्रीम कोर्ट ने सेशेल्स की सेकलिंक ग्रुप की ओर से दाखिल एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।सेकलिंक ग्रुप ने धारावी पुनर्विकास परियोजना का कॉन्ट्रैक्स अडानी ग्रुप को दिए जाने की प्रक्रिया में कथित घोटाले का आरोप लगाया था। ग्ररुप का दावा है कि अडानी ग्रुप को यह ठेका देने के लिए शर्तों में बदलाव किया गया।याचिका में दावा किया गया था कि टेंडर की शर्तों को अडानी ग्ररुप की कंपनी अडानी प्रॉपर्टीज के पक्ष में बदल दिया गया था। सेकलिंक ने दावा किया कि अडानी प्रॉपर्टीज की बोली 5,069 करोड़ रुपये की थी, जबकि सेकलिंक की बोली 7,200 करोड़ रुपये थी और वह बोली को आगे बढ़ाकर 8,640 करोड़ रुपये करने को तैयार थी, फिर भी उसे ठेके से बाहर कर दिया गया।

हालांकि, सेकलिंक ने 2018 में काफी बड़ी राशि के साथ सबसे ऊंची बोली लगाई थी। ऐसे में कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा कि क्या राज्य सरकार, टेंडर को कैसिंल करने की हकदार है और क्या सेकलिंक को बाहर करने के लिए शर्तों में फेरबदल किया गया था। अडानी ग्ररुप ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि धारावी पुनर्विकास का काम पहले ही शुरू हो चुका है। इस पर कोर्ट ने परियोजना को रोकने से इनकार कर दिया, लेकिन अडानी को सभी पेमेंट्स के लिए एक सिंगल एस्क्रो अकाउंट में बनाने को निर्देश दिया, जिसमें सभी इनवॉयसेस शामिल हों।




@POLYTOON

# गोकशी करने वालों के घर चला बुलडोजर

मध्य स्वर्णिम

**दमोह।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सीता बावड़ी इलाके में शुक्रवार सुबह कुछ लोगों ने एक गर्भवती गाय की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने गोलियों से फायर कर कर दिया, जिससे वह बच गए। तभी पुलिस भी घटना स्थल पहुंची और तीन आरोपियों को पकड़ लिया। गोकशी के विरोध में हिंदू संगठनों ने दमोह बंद का आह्वान किया और व्यापारियों से बंद में समर्थन मांगा। दोपहर तक बाजार बंद रहा, उसके बाद ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन को खत्म किया गया और दोपहर एक बजे पूरा बाजार खुल गया।हिंदू संगठन के सदस्य पवन रजक ने बताया कि वे अपने साथी अनुराग यादव और अन्य युवाओं के साथ सीताबाड़ी पहुंचे। जहां आरोपियों ने उन पर गोलियां चला दीं। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस के पहुंचने तक आरोपी गाय को काट चुके थे। पुलिस ने मौके से तीन-चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वेटरनरी डॉक्टर आरके असाटी ने पोस्टमॉर्टम में पाया कि गाय के शरीर के सभी अंग अलग-अलग कर दिए गए थे। गाय के पेट में चार से पांच माह का बछड़ा था, जो कुछ समय तक जीवित रहा। लेकिन बाद में उसकी भी मृत्यु हो गई। हिंदूवादी संगठन के लोगों की मांग पर आरोपियों के शासकीय जमीन पर बने घरों पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज किया गया। इसके अलावा जगह-जगह रखे टपरों को भी हटाया गया। एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा-307, गोवंश अधिनियम और धार्मिक भावना आहत करने की धाराओं में मामला दर्ज किया है।



# इंदौर ने केंद्रीय ग्रांट्स का सदुपयोग किया: आयोग




मध्य स्वर्णिम

**इंदौर।** सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों ने शहर का दौरा किया। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था और ट्रेंचिंग ग्राउंड का दौरा भी किया। उन्हें इंदौर का स्वच्छता मॉडल पसंद आया। सदस्य बोले कि हमने नहीं सोचा था कि कचर भी सुंदर हो सकता है। स्वच्छता को लेकर इंदौर में वाकई अच्छा काम हुआ है।इंदौर शहर में किए गए विकास कार्यों और ग्रांट्स के उपयोग को लेकर सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, डॉ. सौम्य कांति घोष और ऋत्विक पांडे ने प्रसन्नता व्यक्त की। श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू ने कहा- 'इंदौर को ग्रांट्स मिली और उनका उपयोग जिस तरीके से हुआ, यह देखकर अच्छा लगा।' उन्होंने आगे कहा कि यह तरीका अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श हो सकता है।आयोजन के दौरान, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों ने वित्त आयोग के सदस्यों को कुछ सुझाव दिए, जिन पर विचार करने की बात भी आयोग के सदस्यों ने कही। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित बैठक में एनी जॉर्ज मैथ्यू ने कहा इंदौर का एक अनोखा कल्चर है, जहां सरकार, प्राइवेट सेक्टर और नागरिक मिलकर काम करते हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने भाषण में मजाकिया अंदाज में कहा कि आयोग विकास के लिए ज्यादा पैसा दे, कब तक हम जनता की जेंब काटते रहेंगे।

## बुरा न मानों TRENDING है...

### ... और गुलदस्ते,माला सूख गए

सूबे में शासन कर रही पार्टी का नया मुखिया बनने के लिए एक दर्जन नेता कुर्ते पजामे में कलफ कराकर तैयार थे। कइयों ने तो मिठाई खा भी ली,और खिला भी दी। हर दिन एक नया दावेदार समर्थकों के बीच जय जयकार कराते हुए फोटो खिंचवाते दिख रहा था। लेकिन बीते तीन-चार दिनों से गजब की शांति है। अब तो दावेदार पार्टी मुख्यालय जाने से भी कतराने लगे हैं। जाहिर है,सत्ताधारी दल का सूबे का अध्यक्ष बनना कौन नहीं चाहेगा ?लेकिन होलाष्टक लगने के बाद दिल के अरमा जैसे बहते दिख रहे हैं। एक दावेदार तो पिछले चार दिन से रजधानी में ही रतजगा कर रहे थे,समर्थकों को खबर थी कि भाई साहब का नंबर लग गया ,लिहाजा गुलदस्ते और फूल बुलवा लिए गए तीन दिन में फूल मुरझाकर सूख गए ।अलबत्ता अब लग रहा कि ऊपर वाले बड़े साहब ने ही सबको 'फूल' बना दिया

● अय्यार

**प्रतिक्रिया** | ब्रिटेन में मंत्री की सुरक्षा में चूक पर एक्शन में विदेश मंत्रालय

# एस जयशंकर पर हुए हमले से नाराज भारत

मध्य स्वर्णिम

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर विदेश मंत्रालय सख्त हो गया है। इस मामले में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा- भारत ने ब्रिटेन के अधिकारियों से विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान खालिस्तानी अलगाववादियों की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है।



भारत ने ब्रिटेन से इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है, साथ ही यह भी कहा कि उनकी प्रतिक्रिया इस बात पर निर्भर करेगी कि दोषियों के खिलाफ किस प्रकार की कार्रवाई की जाती है। रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, %हमने ब्रिटेन के अधिकारियों से खालिस्तानी और चरमपंथी तत्वों की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के उल्लंघन को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है और हम चाहते हैं कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए।% उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना से यह साफ होता है कि ऐसे तत्वों को किस प्रकार के समर्थन या लाइसेंस दिए गए हैं और उनके आतंकित करने, धमकी देने और भारत के वैध कूटनीतिक कार्यों में बाधा डालने की कोशिशों को लेकर ब्रिटेन का रवैया लापरवाह रहा है।

### 'आरोपियों पर किस प्रकार की कार्रवाई की जाती हैं'

उन्होंने कहा, 'यह घटना सिर्फ एक सिक्के का पहलू है, जो दिखाती है कि इस प्रकार के तत्वों को किस प्रकार की स्वतंत्रता दी गई है।' उन्होंने यह भी कहा कि 'ब्रिटेन की विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के बावजूद, हमारी प्रतिक्रिया इस बात पर निर्भर करेगी कि कार्रवाई किस प्रकार की जाती है।' इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने जयशंकर की यात्रा के दौरान खालिस्तानी अलगाववादियों के विरोध प्रदर्शन और उनकी सुरक्षा में सेंध लगाने की कड़ी निंदा की थी। भारत ने इस प्रकार की हरकतों को लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं के दुरुपयोग के रूप में देखा और ब्रिटेन से अपेक्षा की कि वह अपने कूटनीतिक दायित्वों को पूरी तरह से निभाए।

# दशकों पुराने मुद्दे को तीन महीने में हल करेंगे : चुनाव आयोग




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को अगले तीन महीने में हल कर लेगा। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि भारत के चुनावी रजिस्टर दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता डेटाबेस है, जिसमें 99 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा, 'डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के मामले में आयोग ने पहले ही संज्ञान लिया है। ईपीआईसी नंबर चाहे जैसा भी हो, एक मतदाता जो एक विशेष मतदान केंद्र के चुनावी रजिस्टर से जुड़ा हुआ है, केवल उसी मतदान केंद्र पर मतदान कर सकता है, और कहीं नहीं।

आयोग ने आगे कहा कि उसने इस लंबित मुद्दे को अगले तीन महीने में तकनीकी टीमों और संबंधित राज्य मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद हल करने का निर्णय लिया है। इस प्रक्रिया के तहत डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर वाले मतदाताओं को एक विशेष राष्ट्रीय ईपीआईसी नंबर प्रदान किया जाएगा। नया सिस्टम भविष्य के मतदाताओं के लिए भी लागू होगा।पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस ने कई राज्यों में डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र नंबरों का मुद्दा उठाया और चुनाव आयोग पर कवर-अप का आरोप भी लगाया है।

# संगठन का काम किए बिना मोहे कहा विश्राम : आलोक संजर

## आजीवन सहयोग निधि को लेकर जिला बैठक संपन्न






**बैतूल (मध्य स्वर्णिम)।**

भारतीय जनता पार्टी की आजीवन सहयोग निधि को लेकर महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद व आजीवन सहयोग निधि के सह प्रभारी आलोक संजर ने कहा कि जो राष्ट्र में मंगल की स्थापना करता है वह प्रभू श्रीराम होता है उनके सबसे करीबी लक्ष्मण लक्ष्य को प्रथम रख मन को द्वितीय रख लक्ष्य हासिल करते है। इसी तरह भाजपा का हर कार्यकर्ता संगठन के द्वारा सौपे गए काम को पूरा करने के बाद ही विश्राम करते है।

आजीवन सहयोग निधि से जो शुचिता भाजपा में दिखाई देती है। वैसी अन्य किसी राजनैतिक दल में नही है। जिला संगठन के लिए आजीवन सहयोग निधी का बडा महत्व है। जिन लोगो को भाजपा के लिए अपना सर्वस्व निछावर किया ऐसे लोगो के परिश्रम और अनुभव को जानने के लिए यह महत्वपूर्ण अभियान है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग संगठन प्रभारी पंकज जोशी ने कहा कि अटल जनशताब्दी वर्ष के दौरान नवाचार के कार्यक्रम तय करें। एक राष्ट्र एक चुनाव की चर्चा हर कार्यक्रम में हो, अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर बडा कार्यक्रम हो किसानो के हित से जुडे निर्णयो की हर जगह चर्चा हो एक राष्ट्र एक चुनाव जनता का मुदद‍ा बने इसके लिए प्रयास करने की जरूरत है।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि आजीवन सहयोग निधि के लक्ष्य प्राप्ति में हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी का उत्साह हमें बेहतर स्थान पर रखता हैं जिन मंडलो के लक्ष्य अभी पूरे नही हुए वे पूरी उर्जा के साथ एक दो दिन में लक्ष्य पूरा करें इस दौरान लक्ष्य से अधिक एकत्रीकरण पर गंज मंडल के अध्यक्ष एवं प्रभारी का पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि राष्ट्र धर्म और संस्कृति के लिए विकसित भारत की प्रेरणा लेकर आजीवन सहयोग निधि के कार्य मे जुटे पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ का सौभाग्य है कि वे देव परिवार के लिए कार्य कर रहे है। भाजपा का ध्येय विकसित भारत बनाकर आने वाली पीढियो को सौपना है। बैठक को संबोधित करते हुए बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि हर कार्यकर्ता खुश होकर कार्य करे सकारात्मक माहौल में लक्ष्य सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है। दुनिया में भारत की धाक बढती रहे इसीलिए भाजपा के लिए हमको उत्साह के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक को संबोधित करते हुए आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से लक्ष्य की प्राप्ति होती है।

सबकी भावना जब जुडकर प्रगति करती है तो बडे लक्ष्य हासिल होते है। लोगो को भाजपा के विचार से जोडने का कार्य भी इस अभियान से होता है। बैठक का संचालन आजीवन सहयोग निधि के सह प्रभारी अतीत पंवार ने एवं अंत में आभार जिला प्रभारी दीपक सलूजा ने व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह की तिथि बदलने का कांग्रेस ने किया विरोध

## जुलूस निकालकर सौंपा ज्ञापन, पुतला दहन किया



**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की तिथि बदलने का कांग्रेस ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने स्टेशन रोड के सिद्धेश्वरी मंदिर से जुलूस निकाला। तहसील कार्यालय के सामने नुक्कड़ सभा कर एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया ।इस दौरान प्रशासन का पुतला दहन भी किया गया। इस धरना प्रदर्शन और जुलूस में वे वर वधु भी शामिल हुए जिनका आज विवाह होना था।

परासिया और उमरेठ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने धरना प्रदर्शन और जुलूस का आयोजन किया इस आंदोलन में परासिया के विधायक सोहन वाल्मीक ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कमल राय उमरेठ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मानक बेलवंशी और कांग्रेस के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे ।परासिया जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी, उपाध्यक्ष जमील खान न्यूटन अध्यक्ष अनुपमा राय, बड़कुही अध्यक्ष भारत डेहरिया मौजूद रहे।

प्रशासन ने आंदोलन को लेकर भारी तैयारी की थी बड़ी संख्या में पुलिस बल और दो फायर ब्रिगेड तैनात की गई थी । प्रशासन की तैयारी से कांग्रेसी गुस्से में थे ।विधायक सोहन वाल्मीक ने नुक्कड सभा में कहा की 7 तारीख की विवाह की तिथि तय की गई थी ।अगर विवाह 13 अप्रैल को ही होना था तो पहले ही स्थिति को तय करना था। आज की तिथि रोककर गरीब वर और वधुओं को परेशान किया गया। कार्ड छाप दिए गए हल्दी लग गई अन्य संस्कार हो गए लेकिन आज विवाह नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के कहने पर पूरा प्रशासन कम कर रहा है इसका विरोध करते हैं।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### सीटू यूनियन के साथ महिला संगठन मनायेगा महिला दिवस

**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस दुनिया के सभी देशों में महिला उत्थान, उनकी आजादी, शिक्षा से विकास, परिवार में महत्व, रोजगार में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी आदि योगदान को लेकर एक दिन हर्षोल्लास के साथ एकत्रित होकर सामूहिक रूप से पर्व मनाने को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का रूप दिया। कोयलांचल क्षेत्र में भी महिलाओं को एकजुट कर पिछले चार दशकों से लगातार महिला दिवस मनाया जाता हैं। सीटू यूनियन और महिलाओं संगठन मिलकर इस बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च की जगह नौ मार्च रविवार छुट्टी के दिन और बच्चों की परीक्षा के कारण नौ तारीख को सुबह ग्यारह बजे से सीटू यूनियन कार्यालय ष्शहीद भवन गुढ़ी में आयोजित कर मनाएगी।

### महिला सशक्तिकरण कार्यशाला आज

**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को ग्राम पंचायत भमोडी द्वारामहिला सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि शिव मंदिर परिसर मे मे चार सत्र मे आयोजित कार्यशाला मे महिला स्वास्थय, जागरूकता विषय पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डा कमलतारा तथा शासकीय चिकित्सक डा स्मृति चौरसिया द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। महिला अपराध, कानूनी सरंक्षण, अधिकार विषय पर एडवोकेट स्नेहलता राय जागरूक किया जायेगा। महिला सायबर अपराध, सुरक्षा तथा बचाव के बारे मे सायबर एक्सपर्ट पूजा बरगट, अमीषा चंदेल एनआईआईटी द्वारा जानकारी प्रदान की जायेगी। महिलाओ के अधिकार, विधिक संरक्षण तथा स्वास्थय सुरक्षा संबंधित विषय पर तत्कालिक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रोत्साहन पुरूस्कार दिया जायेगा। मेरी बात संवाद कार्यक्रम मे महिलाओ से संवाद कर उनकी ग्राम स्तरीय समस्याओ पर विचार विमर्श किया जायेगा। पंचायत स्तरीय महिला कर्मचारियो को सम्मानित किया जायेगा।

### चंपा खरे का निधन



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** आदर्श स्कूल परासिया से प्रधानपाठक के पद से सेवानिवृत हुई श्रीमंती चंपा खरे श्रीवास्तव मैडम का छह मार्च की रात निधन हुआ। उनका अंतिम संस्कार सात मार्च को परासिया में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महाराष्ट्र बैंक के पीछे उनका निवास था। वे अम्बरीष खरे ,लवकेश खरे की माताजी थी।

### रायसेन जिला कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन आज

**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री पहलाद पटेल द्वारा एक निंदनीय बयान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता सय्यद जावेद अहमद ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री पहलाद पटेल द्वारा एक निंदनीय बयान दिया जिसमें उनके द्वारा जनता द्वारा सरकार से की जाने वाली मांगों को भीख मांगना बताया गया है यह आमजन का अपमान है इस बयान के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर जिला कांग्रेस द्वारा धरना-प्रर्दशन आज शनिवार को 11:00 बजे भोपाल सागर तिराह पर पशु चिकित्सालय के सामने किया जाएगा जिसमें विशेष रूप से जिला कांग्रेस प्रभारी शैलेंद्र पटेल, सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल,पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल (गदरवास) डॉक्टर जीसी गौतम शामिल होगें। जिला कांग्रेस संगठन मंत्री नारायण सिंह ठाकुर ने जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस,एनएसयूआई ,सेवादल मोर्चा संगठन एवं कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों से धरने में शामिल होने की अपील की है।

### सागर रोड पर नाले में गिरी कार, स्थानीय लोग बोले,पहले भी हुए हैं हादसे

**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** शहर में गोपालपुर से खरगावली तक बनी फोरलेन सड़क के किनारे जगह-जगह खुले छोड़े गए नालों में हादसे हो रहे है। वही गुरूवार को सागर रोड पर देर शाम एक कार नाले में जा गिरी। कार के सामने से आ रही एक गाड़ी को बचाने के चलते कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने खुले नाले में गिर गई। चालक की जान तो बच गई, लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वही स्थानीय लोगों के अनुसार फोरलेन सड़क के निर्माण के बाद ठेकेदार ने जगह-जगह नालों को खुला छोड़ दिया है।

# पुलिस लाईन मंदिर में शिव परिवार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हुई

## हवन, पूजन, भंडारे से किया समापन



**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**

पुलिस लाईन के मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन शुकवार को किया गया। सुबह से मंदिर में हवन, पूजन प्रारंभ हुआ। दोपहर दो बजे हवन पूजन का समापन हुआ। इसके बाद भंडारा प्रारंभ हुआ। शाम पांच बजे विधायक सोहन बाल्मिक, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय और तहसीलदार मोनिका विश्वकर्मा भंडारे में पहुंचे। एसडीओपी परासिया जितेंद्र सिंह जाट, टीआई जगोतिन मसराम, एसआई नरेंद्र तिवारी और थाने का स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा। मंदिर में कलश यात्रा के साथ प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकालकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ किया गया था।

गुरुवार को विभिन्न अधिवास किए गए। शुक्रवार को कार्यक्रम का समापन किया भंडारा प्रसाद वितरण से किया गया। एसडीओपी जितेंद्र सिंह जाट, थाना प्रभारी जगोतिन मसराम के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस लाईन के मंदिर का हाल ही में जीर्णोद्वार किया गया है। मुख्य यजमान विपिन चंद्र पांडे, अजय द्विवेदी भी उपस्थित रहे। मंदिर में हनुमान लला पहले से विराजमान है। भगवान भोलेनाथ और शिव परिवार की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके साथ ही एक विशाल त्रिशूल भी मंदिर में लगाया गया।

# ऑर्ट ऑफ लिविंग शिविर के माध्यम से जीवन में प्रसन्न रहने की बताई जा रही कला

## आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस शिविर 28 फरवरी से 5 मार्च तक सपन्न हुआ



**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

देश की प्रतिष्ठित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था बैंगलोर के सानिध्य में नगर में 6 दिवसीय आनंद अनुभूति शिविर (हैप्पीनेस प्रोग्राम) का आयोजन 28 फरवरी से 5 मार्च तक शहर के सागर मार्ग पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के ऊपर आयोजित किया गया। इस शिविर में मुम्बई से आए प्रशिक्षक मनोज लखानी एवं स्थानीय प्रशिक्षक राहुल माहेश्वरी ने पंजीकृत नागरिकों को सुदर्शन क्रिया,अध्यात्मिक ज्ञान व योग ध्यान का प्रशिक्षण प्रदान किया। इस शिविर में भाग लिए नगर के प्रतिष्ठित नागरिक डा चेतन शर्मा, विपुल सोनी,अम्बुज माहेश्वरी, विनीत माहेश्वरी व अन्य नागरिकों द्वारा सुदर्शन क्रिया करने के उपरांत अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह शिविर बहुत लाभप्रद है। उनका कहना था कि इस शिविर में केवल 6 दिन में ही मानसिक शांति का अनुभव प्राप्त हुआ, ऊर्जा का स्तर बढ़ गया नींद अच्छी हो गई मन प्रसन्न रहने लगा एवं तनाव तो जैसे गायब ही हो गया।

उनका कहना था कि समाज के सभी लोगों को इस शिविर का लाभ जरूर उठाना चाहिए। स्थानीय शिक्षक राहुल माहेश्वरी (9826826021) ने बताया ऑर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक अध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर जी द्वारा इस अद्भुत शिविर की संरचना करीब 44 वर्ष पहले की थी।

# मंगली बाजार में आयशर से बाईक की भिडंत, युवक की मौत

## दो अन्य घायल, तेज रफ्तार ने ले ली जान



**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**

मंगली बाजार परासिया में गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात बाईक की आयशर से भिडंत में युवक की जान चली गई। शुक्रवार को युवक के शव का पोस्टमार्टम कर चार बजे अंतिम संस्कार किया गया। युवक के बुआ के बेटे की इससे पहले परासिया में सडक दुर्घटना में जान गई थी। मृतक अनमोल सराठे परासिया में महाराष्ट्र बैंक के समीप निवास करता था। उसकी मां की चाय की दुकान है। बताया जा रहा है कि वह अपनी दो बहनों का इकलौता भाई था। रात में अनमोल सराठे अपने दो दोस्तों राजा विशाल और, रोहित चंद्रवंशी के साथ बाईक से चांदामेटा से परासिया की ओर आ रहे थे। बाईक बेहद तेज रफ्तार में थी। मंगली बाजार में मनोज वर्मा के घर के सामने अमरवाडा से भोपाल जा रही बस निकल रही थी। इस बस को एक आयशर मिनी ट्रक ओवरटेक कर रहा था। इतने में सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाईक सवार सीधे आयशर से भिड गए। बहुत तेज आवाज हुई। आसपास के लोग जब निकले तो तीनों युवक सडक पर पडे थे। बताया जा रहा है कि पीछे से जिले के पुलिस अधिक्षक का वाहन भी आ रहा था ।उन्होने पुलिस को काल किए। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। इन्हें तत्काल परासिया अस्पताल आटो से ले जाया गया। रात साढे बारह बजे इन्हें परासिया से छिंदवाडा रिफर कर दिया गया। छिंदवाडा अस्पताल में अनमोल सराठे की मौत हो गई। घायलों में से एक को नागपुर रिफर किया गया है। एक छिंदवाडा मे ही है। युवक ड्राईवर का काम करता था।

### सभी ने समझाया गाडी धीरे चला, नहीं माना

मृतक अनमोल सराठे हमेशा गाडी बेहद तेज रफ्तार में चलाता था। उसे कई लोगों ने समझाया कि वाहन धीरे चलाया कर। गुरुवार को भी दोपहर में तहसील कार्यालय के आसपास के दुकानदारों ने उसे समझाया था।

# अशोक लीलेंड कंपनी का बेच रहे थे नकली सामान

## कंपनी की शिकायत पर पुलिस का छापा, नकली माल बरामद



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** कोयला खदान वाले क्षेत्र में ट्रक मालिकों के साथ बडी धोखाधडी का मामला सामने आया है। परासिया की चार दुकानों में अशोक लीलेंड कंपनी का नकली माल बरामद किया गया है। पुलिस ने चारों दुकानदारों के विरुद्ध कापी राईट एक्ट के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है।

परासिया में कापीराईट एक्ट के उल्लंघन के मामले लगातार सामने आ रहे है। इससे पहले नकली झंडु बाम, नकली सिगरेट और नकली क्राउन टीवी का मामला सामने आया था। अशोक लीलेंड कंपनी को क्षेत्र में धडल्ले से नकली सामान बेचे जाने की शिकायत मिली थी। इस मामले में कंपनी के मुंबई से अधिकारी परासिया पहुंचे। परासिया थाने में शिकायत की। इसके बाद परासिया के पुलिस बल के साथ चार दुकानों में छापा मारा गया। परासिया के ठाकुर आटोमोबाईल्स, महेश आटोमोबाइल , सदगुरू आईल्स और इंडिया मोटर्स पर छापामार कार्रवाई की गई।

सभी दुकानों में अशोक लीलैंड कंपनी के ट्रक के नकली पार्टस बेचना पाया गया। ठाकुर आटोमोबाइल्स से दो फिल्टर जब्त किए गए। सभी सामग्री को पुलिस ने थाने में जमा करवाया। चारो आरोपियों के विरुद्ध 51, 63 कापी राईट एक्ट के उल्लंघन का मामला पुलिस ने दर्ज किया।

### नकली माल का गढ बन गया है परासिया

परासिया नकली माल का गढ बन गया है। खास कार नकली इलैक्ट्रानिक्स आईटम के मामले में बडी कार्रवाई की जरूरत है। इससे पहले क्राउन कंपनी का लोगो लगाकर टीवी बेचते पकडाने का मामला सामने आया था। अब ट्रकों के पार्टस का मामला सामने आया है। आटो पार्टस के मामले में नकली सामान बडी मात्रा में क्षेत्र की दुकानों में बेचे जाने की लगातार शिकायतें थी।

### कौन खपाता है नकली माल

परासिया के बाजार में नकली माल कहां से आता है और कौन खपाता है इसकी जांच होनी चाहिए। परासिया में जमकर नकली माल आ रहा है। वे दुकानदार जिनके पास एजेंसी नहीं है वे इस तरह के धंधे में लिप्त है। अशोक लीलेंड का माल इतनी भारी मात्रा में कहां बन रहा है। कौन इस माल की सप्लाई कर रहा है इस पूरी चेन को टूटना चाहिए।

# 270 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त, 6 आरोपी गिरफ्तार 3 हजार किलो महुआ लहान किया नष्ट

## होली के त्योहार को देखते हुए जिले भर में अवैध शराब पर कार्रवाई चलती रहेगी

**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** जिले में अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए, आबकारी विभाग की टीम ने 270 लीटर शराब,हाथ भट्टी जब्त, कर 6 आरोपीओं को गिरफ्तार कर 3 हजार किलो महुआ लहान किया नष्ट। सहायक आयुक्त आबकारी वंदना पाण्डेय के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। आबकारी विभाग ने दो उडनदस्ता दलों का गठन किया। टीमों ने मंडीदीप के झिरी जंगल और बेगमगंज के सीतापार गांव में छापेमारी की। इस दौरान 14 मामले दर्ज किए गए। मौके से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में 270 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जब्त की गई। साथ ही करीब 3000 किलो महुआ लहान को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जब्त सामग्री की कीमत 3.54 लाख रुपए है। उडनदस्ता दलों में आबकारी उप निरीक्षक रविंद्र अहिरवार और मुकेश श्रीवास्तव शामिल रहे। इससे पहले भी विभाग ने बमोरी, ध्वज, महुआ खेड़ा, गोपालपुर पड़ाव के जंगलों में कार्रवाई की थी। सिंधी कैंप बाड़ी,अमरवाद,सोन्थर सोसाइटी,कामतोन, सेमरी पंप हाउस, तामोट,सररई,अर्जुन नगर और मंडीदीप नयापुरा दिवतिया जैसे क्षेत्रों में भी छापेमारी की गई थी।



### इनका कहना है

होली त्योहार को देखते हुए विशेष उडनदस्ता दलों का गठन किया गया है। ये टीमें प्रतिदिन अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करेंगी। इससे अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन पर अंकुश लगेगा।

**वंदना पाण्डेय, सहायक आयुक्त रायसेन**

# कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं से तरसे रहवासियों ने सड़क पर किया 3 घंटे चक्काजाम

## श्रीजी सिटी कॉलोनी में काफी लंबे समय से परेशानी का सामना कर रहे नागरिक



**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

रायसेन के एसडीएम कार्यालय के पास से गुजरे एन-एच 146 सांची रोड़ पर 3 घंटे हुए चक्काजाम की वजह से शहर की रफ्तार थम गई। रायसेन नगर कॉलोनियों में सर्व सुविधा युक्त वादा किए जाने के बाद भी कॉलोनाईजरों द्वारा विकास ना किए जाने के चलते रायसेन की श्रीजी सिटी के कॉलोनी रहवासी लामबंद हो गए और सड़क पर चक्कजाम कर दिया।

नागरिकों को मनाने पहुंचे रायसेन एसडीएम मुकेश सिंह की भी नागरिकों द्वारा एक ना सुनीं और नाराजगी जाहिर की अगर एसडीएम सीएमओ और अन्य प्रशासनिक अधिकारी कॉलोनाइजर पर कार्रवाई करते तो आज जनता को सड़क पर बैठने की नौबत नहीं आती। प्रशासन के आला अधिकारियों के नीचे ही अवैध कॉलोनी पनपती है और जनता के हाथ में सिर्फ परेशानी आती है। करीब 3 घंटे तक चले इस चक्काजाम से नागरिकों को काफी परेशानी हुई वहीं मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर बैठी महिलाएं भी परेशान हुई लेकिन बार-बार की परेशानी से बचने उन्होंने सोचा की एक बार परेशानी ही सही क्योकि प्रशासन बार-बार आवेदन पर गुहार नहीं सुन रहा तो चक्काजाम ही ठीक।

***रायसेन के अन्य कॉलोनी के हालात में खराब:*** रायसेन नगर की अन्य कॉलोनियों की बात की जाए तो यह भी सड़क पानी बिजली को लेकर नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन हर बार नागरिकों को सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है। पिछले दिनों भारत नगर की महिलाओं ने भी चक्काजाम किया था और फिर मौके पर पहुंचे तत्कालीन कलेक्टर द्वारा इस पूरे मामले को संज्ञान लिया एवं ठोस कार्रवाई होने की वजह से भारत नगर की सड़के बनाना शुरू हुई। अब अन्य कॉलोनी के रहवासी भी यही चाहते है कि प्रशासन ठोस कार्रवाई करते हुए उनकी कॉलोनियों में सड़क पानी बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जिससे उन्हें परेशानी का सामना ना करना पड़े।

***चक्का जाम से लोग हुए परेशान:*** सांची रोड़ तहसील कार्यलय के सामने श्रीजी सिटी कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर रवासियो चक्का जाम कर दिया था।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### सीने में तेज दर्द से हुई फायनेंस कंपनी के कर्मचारी की मौत

**भोपाल।** ऐशबाग इलाके में एक फायनेंस कंपनी के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि उसे सीने में तेज दर्द उठा था। इसके बाद पत्नी उसे इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंची। लेकिन, वहां उसकी नाजुक हालत देख दूसरे अस्पताल रेफर किया जा रहा था। लेकिन दूसरे हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस के अनुसार ऐशबाग स्थित निखिल होम्स में तीन बच्चों और पत्नी सोनाली राठौर के साथ रहने वाला आकाश राठौर पिता बाबूलाल राठौर (35) हीरो फायनेंस कंपनी में नौकरी करता था। वहीं उसकी पत्नि निजी बैंक एचडीएफसी में सेल्स मैनेजर का काम करती है। 6-7 मार्च की दरमियानी रात करीब 12 बजे आकाश को अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। उसकी हालत देख पत्नी उसे तुरंत ही इलाज के लिये पास में स्थित निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंची थी। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे फौरन ही पीपुल्स अस्पताल ले जाने को कहा। इसके बाद उसे एम्बुलेंस से दूसरे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसे एक उल्टी हुई और फिर उसका शरीर बेदम हो गया। दूसरे अस्पताल पहुचंने पर डॉक्टरो ने उसे शुरुआती चेकअप के बाद ही मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी।

### उच्च दाब लाइनों के संधारण में कार्य करने वाले कार्मिकों का भत्ता हुआ दोगुना

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश ट्रांसमिशन कम्पनी में अति उच्च दाब उप केन्द्रों एवं लाइनों का हॉट लाइन पद्धति से बिना शटडाउन लिये संधारण कार्य करने वाले कार्मिकों का विशेष भत्ता दोगुना कर दिया गया है। पहले जहाँ प्रति कार्य 3 रुपये से 60 रुपये मिलता था, अब 6 रुपये से 80 रुपये तक प्रति कार्य मिलेगा। उल्लेखनीय है कि हॉट लाइन पद्धति के माध्यम से बिना शटडाउन लाइनों का संधारण कार्य करने के लिये कार्मिक की सहमति आवश्यक है। साथ ही कम्पनी द्वारा उसे बैंगलुरु के केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण से प्रशिक्षण दिलवाने के बाद ही वह कार्य के लिये पात्र होता है। कार्य अत्यंत जोखिम भरा होने के कारण कार्मिक को यह भत्ता दिया जाता है।

### इंजीनियरिंग छात्रा ने मनचले की प्रताड़ना से तंग आकर खाया जहर, हुई मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना इलाके के कुटीर नगर में रहने वाली एक इंजीनियरिंग छात्रा ने अपने घर में जहर खा लिया। परिवार वाले उसे इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई। छात्रा के बेहोश होने से पहले उसके परिवार वालो ने अस्पताल में छात्रा से बातचीत करते हुए उसका वीडियो बनाया है। इसमें ने सेज उर्फ सैजल खान और एक काजल नाम की लड़की पर उससे मारपीट करने और प्रताड़ित करने के आरोप लगाये है। थाना पुलिस के अनुसार, साक्षी निराला पुत्री मनोज निराला (20), कुटीर नगर छोला मंदिर में रहती थी। वह राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी) में सिविल अंतिम वर्ष की छात्रा थी। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे उसने घर पर सल्फास की गोलियां खा ली थी। हालत बिगड़ने पर परिवार वालो को हादसे की जानकारी लगी जिसके बाद वह उसे फौरन ही हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे वहाँ उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। अस्पताल में कुछ घंटे चले इलाज के बाद छात्रा ने दम तोड़ दिया।

### मशरूम प्लांट के नाम पर दो करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले गिरफ्त से बाहर

**भोपाल।** परवलिया थाना इलाके में आदिवासी महिला से मशरूम प्लांट के नाम पर बैंक से मिली 2 करोड़से अधिक की रकम लेकर धोखाधड़ी करने के वाले आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में उनके ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है, साथ ही एक टीम जबलपुर में डेरा डाले हुए है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर में रहने वाली अनीता ने खुद का कारोबार शुरू करने के लिए साल 2022 में हिमाचल के डायरेक्ट्रेट ऑफ मशरूम रिसर्च से मशरूम उत्पादन की ट्रेनिंग ली थी। अनीता अपने चाचा के जरिए डिक्की मप्र के अध्यक्ष अनिल सिरवैया से संपर्क कर उनके कार्यालय पहुंचकर मिली और अपना बिजनेस प्लान बताया। इस पर अनिल और प्रशांत वर्मा ने मदद का भरोसा दिलाया। अनीता ने हिमाचल से एक एकड़ जमीन पर मशरूम उत्पादन की 1.34 करोड़ की डीपीआर तैयार कराई।

---

आसरे ने महिला दिवस 2025 मनाया

# ग्रामीण भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना बेहद जरूरी : डॉ. पंकज शुक्ला





मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, एसोसिएशन फॉर सस्टेनेबल रूरल एम्पावरमेंट (आसरे) के अध्यक्ष और ग्राम्या के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पंकज शुक्ला ने ग्रामीण भारत में महिलाओं के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, विशेष रूप से मध्य प्रदेश में। डॉ. शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाना सतत विकास को बढ़ावा देने और इन क्षेत्रों में गरीबी से निपटने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं ग्रामीण भारत में परिवर्तन की सच्ची एजेंट हैं। जब हम उन्हें सशक्त बनाते हैं, तो हम न केवल व्यक्तिगत जीवन को ऊपर उठाते हैं, बल्कि हम एक ऐसी लहर पैदा कर रहे हैं जो पूरे समुदायों और देश को लाभान्वित करती है।

ग्रामीण मध्य प्रदेश की महिलाएं आज भी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रही हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आर्थिक अवसरों तक सीमित पहुंच शामिल है। 60 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण महिलाएं कृषि में संलग्न हैं, फिर भी अधिकांश के पास उस भूमि का स्वामित्व नहीं है जिस पर वे काम करती हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, केवल 13.9 प्रतिशत ग्रामीण महिलाओं के पास मध्य प्रदेश में भूमि स्वामित्व अधिकार हैं।

भूमि स्वामित्व की इस कमी से उनकी वित्तीय स्वतंत्रता, निर्णय लेने की शक्ति और संसाधनों तक पहुंच में महत्वपूर्ण बाधाएं आती हैं। असल में, जो ग्रामीण महिलाएं भूमि की मालिक नहीं हैं, उनके पास वित्तीय सेवाओं और आय उत्पन्न करने वाली गतिविधियों तक पहुंच 40 प्रतिशत कम होती है, जो उनके पुरुष समकक्षों के मुकाबले है। इसके अलावा, आर्थिक प्रणाली को बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, ग्रामीण मध्य प्रदेश में महिलाएं लिंग-आधारित हिंसा और बाल विवाह की उच्च दरों का सामना करती हैं। शोध से पता चलता है कि मध्य प्रदेश में लगभग 30 प्रतिशत लड़कियों की शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले हो जाती है, और केवल 40 प्रतिशत ग्रामीण महिलाओं को माध्यमिक शिक्षा का लाभ मिलता है। इसके अतिरिक्त, राज्य में भारत में सबसे उच्च मातृ मृत्यु दर है, जिसमें 100,000 जीवित जन्मों पर 188 मातृ मृत्यु दर है, जो राष्ट्रीय औसत का लगभग दो गुना है।

ये चुनौतियां न केवल महिलाओं की संभावनाओं को सीमित करती हैं, बल्कि ग्रामीण समुदायों के समग्र आर्थिक और सामाजिक विकास को भी बाधित करती हैं। विभिन्न पहलों के माध्यम से, संगठन महिला आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को सुधारने, और लड़कियों और युवा महिलाओं के लिए शैक्षिक अवसरों का विस्तार करने पर केंद्रित है। डॉ. शुक्ला ने यह भी कहा कि महिलाओं को पूरी तरह से अर्थव्यवस्था और नेतृत्व भूमिकाओं में भाग लेने से रोकने वाली बाधाओं को तोड़ने के लिए नीतियों को बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने लिंग आधारित वेतन अंतर को दूर करने, महिलाओं की शांति निर्माण में भागीदारी बढ़ाने और भूमि स्वामित्व तक उनकी पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया, जो कृषि उत्पादकता में 25 प्रतिशत वृद्धि को दिखाता है।

---

# उत्तरी हवाओं से प्रदेश में बढ़ी ठंड

13 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे, 2 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लगातार ठंड का असर देखने को मिल रहा है। जहां रातें ठंड हो रही हैं, वहीं दिन में भी उत्तरी हवाओं की वजह से ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले एक-दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा 9 मार्च से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा जिसके असर से तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार भोपाल और जबलपुर में मार्च की ठंड ने पिछले 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इन शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। राजगढ़, उमरिया-खजुराहो समेत 13 शहरों में तापमान 6 से 9.8 डिग्री तक रहा।

### मार्च में कोल्ड वेव की स्थिति

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि अगले 3 दिन प्रदेश में हल्की ठंड रहेगी। इसके बाद पारे में बढ़ोतरी होगी और दिन-रात गर्मी का असर देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि पिछले 2-3 दिन से उत्तरी हवा आने से प्रदेश में ठंड का असर देखने को मिल रहा है। कई शहरों में तो पारा 6 डिग्री तक पहुंचा है। इससे कोल्ड वेव की स्थिति भी बनी रही। अब हवा की रफ्तार कम हुई है। वहीं, दिशा भी बदलेगी। ऐसे में ठंड का असर कम होने लगेगा। 15 मार्च के बाद कुछ शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री और रात में 18 डिग्री से अधिक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह प्रदेश में कहीं भी बारिश होने के आसार नहीं है। आसमान साफ रहेगा और तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

### शाजापुर-शहडोल सबसे ठंडा, पारा 6 डिग्री

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार-गुरुवार की रात में प्रदेश के कई शहर कंपकंपा उठे। सबसे ज्यादा ठंडे शाजापुर और शहडोल रहा। यहां रात का तापमान 6 डिग्री तक पहुंच गया। बड़वानी के तालुन में 7.5 डिग्री, सीहोर में 7.8 डिग्री, मंडला-नौगांव में 8 डिग्री, मलाजखंड में 8.1 डिग्री, उमरिया में 8.2 डिग्री, राजगढ़ में 8.4 डिग्री और खजुराहो में पारा 9 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 9.8 डिग्री, उज्जैन में 9, जबलपुर 9.6, इंदौर 10.8 और ग्वालियर में पारा 11.6 डिग्री दर्ज किया गया। इधर, गुरुवार को दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली। हालांकि, ठंडी हवाओं का असर जारी रहा।

---

# सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थलः रणनीतिक पूर्वानुमान और आगामी प्राथमिकताएं पर आयोजित प्रथम क्षेत्रीय सम्मेलन आज

**भोपाल के आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी एवं प्रबंधकीय अकादमी में सुबह से शुरू होगा कार्यक्रम**

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** महिला सुरक्षा शाखा एवं यू.एन.विमन द्वारा संयुक्त रुप से दिनांक 8 मार्च 2025 को 'सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थलः रणनीतिक पूर्वानुमान और आगामी प्राथमिकताएं' पर प्रथम क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में किया जाना है। उक्त सम्मेलन में प्रदेश के इन्दौर/भोपाल/उज्जैन/जबलपुर/नर्मदापुरम/ ग्वालियर एवं सागर जोन के पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक, समस्त जोन से निरीक्षक/उप निरीक्षक, जनसाहस, संगिनी, उदय, आरंभ, चैतन्य, आवाज, आई.जे.एम. एवं आस स्वयंसेवी संस्थान के कार्यकर्ता, पर्यटन विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रतिभागी भाग लेगें। सम्मेलन में 'सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थल' विषय पर सुश्री सोनाली मिश्रा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, श्री शिव शेखर शुक्ला प्रमुख सचिव पर्यटन, यू.एन. विमन से सुश्री कांता सिंह (उप प्रतिनिधि) भारत, सुश्री श्रबना दत्त (प्रोग्राम कोर्डिनेटर) बांग्लादेश, केथरिन ट्रेवर्स (नीति विशेषज्ञ) न्यूयोर्क, सुश्री फॉग ली (प्रोग्राम विशेषज्ञ) वियतनाम, सुश्री मोक्षदा सलाहकार (विमन राइट्स) मोरीशस, सुश्री जेन टाउंसली (वरिष्ठ नीति सलाहकार) यू0के0 एवं द्वारा चर्चा की जाएगी।

चर्चा के दौरान दिये गये सुझाव/अनुशंसाओं को नीतिगत निर्णय हेतु शासन को भेजा जाएगा। कार्यकम का समापन श्री जे0एन0 कंसोटिया (भा0प्र0से0) अपर मुख्य सचिव (गृह), मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा किया जाएगा।

---

# भागवत कथा सुनने गया मालिक का परिवार, नौकर ने भाई के साथ मिलकर मकान में लगा दी सेंध

**दोनो आरोपी गिरफ्तार, दो और वारदातो का खुलासा, लाखो का माल बरामद**



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** सूखी सेवनिया इलाके में एक नौकर ने अपने भाई के साथ मिलकर अपने मालिक के सूने मकान में सेंध लगाकर लाखों का कीमती माल उड़ा दिया। घटना के समय फरियादी का पूरा परिवार भागवत कथा सुनने गया था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने नौकर और उसके भाई को गिरफ्तार कर लाखो का माल बरामद कर लिया है।

पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की दो अन्य वारदातों का भी खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपलिया जाहिरपीर में रहने वाले दीवान सिंह रघुवंशी ने अपनी शिकायत में बताया था की पिछले दिनों भागवत कथा के दौरान उनके घर पर कोई नहीं था, इसी बीच घर में घुसे अज्ञात आरोपी ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिये। अपनी शिकायत के साथ ही उन्होंने मवेशियों की रखवाली करने वाले युवक पर संदेह जताया था, जो घटना के बाद से गायब हो गया है। छानबीन के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दीवान सिंह के यहां काम करने वाला संदेही युवक कल्याणपुर ढाबे के पास मौजूद है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। संदेही ने अपना नाम पुष्पेंद्र रजक बताते हुए दीवान सिंह के यहां से जेवरात चोरी करने की घटना स्वीकार कर ली। उसने बताया की पिछले साल अगस्त महीने में उसने अपने भाई मोहन रजक के साथ मिलकर पड़ोसी के यहां भी चोरी की थी। इसके साथ ही सिद्ध नगर इसरो के पास स्थित एक सूने मकान पर भी धावा बोलते हुए कीमती माल उड़ाया था।

---

# जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करे, सेवा ही हमारा कामः कृष्णा गौर

**शुक्रवार को निवास पर अयोध्या नगर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** अधिकारी जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करे। जनता के फोन उठाएं,उनकी समस्या सुने और समस्या का समाधान करे। लोगों की सेवा ही हमारा काम है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने शुक्रवार को निवास कार्यालय पर गोविंदपुरा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान यह निर्देश अधिकारियों को दिए।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अयोध्या नगर एक्सटेंशन में विकास कार्यों में हो रहे विलंब और अधिकारियों के पास उचित जानकारी नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण के दौरान कोई कठिनाई अथवा समस्या हो तो उन्हें अवगत कराएं। कार्य में लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी में पानी की सप्लाई का विशेष ध्यान रखें, जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। अयोध्या नगर में सीवेज कई जगह सड़कों पर बह रहा है। सीवेज लाइन को दुरुस्त करें और सीवेज के चेम्बर सुधारें। अयोध्या नगर एक्सटेंशन फेज-5 से लेकर वार्ड 64 और वार्ड 68 की विभिन्न कॉलोनियों में 6 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से पानी सप्लाई और पेयजल कनेक्शन का काम किया जा चुका है। वहीं, नई सीवेज लाइन बिछाने और दुरुस्त करने के कार्य पर 3 करोड़ 68 लाख रुपए की राशि विकास कार्यों पर खर्च की जा चुकी है। इसी तरह सिविल के कार्यों के अंतर्गत पार्कों के सौंदर्यीकरण और सीसी रोड के निर्माण पर 2 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि से विकास कार्य किए जा चुके है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने, जो काम अधूरे रह गए हैं, उन्हें पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।

---

# मुसलमानो को बड़ा दिल रखना चाहिए, वे भी हमारे साथ होली मनाएंः विजयवर्गीय

**इन्दौर।** समर्थकों के साथ विजयनगर स्थित मंगल सिटी मॉल छावा मूवी देखने पहुंचे कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुस्लिम भाइयों को बड़ा दिल रखना चाहिए। जुमे की नमाज हर शुक्रवार आती है। होली तो साल में एक बार आती है। इसलिए वे भी हमारे साथ होली मनाएं। ये इस्लाम के विरुद्ध नहीं है। छावा फिल्म देखने पहुंचे विजयवर्गीय के साथ मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक आकाश



विजयवर्गीय समेत कई समर्थक मौजूद थे। उन्होंने शिवाजी और संभाजी की तरह वेशभूषा भी पहन रखी थी। इस दौरान चर्चा करते विजयवर्गीय ने कहा कि हमारे यहां तो गंगा-जमुनी संस्कृति रही है। एक-दूसरे को गुलाल लगाते आ रहे हैं। अब पता नहीं कहां के कट्टरवाद आकर यहां पर मुस्लिम भाइयों में भ्रम पैदा कर रहा है। मैं तो अपने मुस्लिम भाइयों से कहना चाहता हूं कि अपने पूर्वज कौन थे जरा इसका पता लगाएं और आपके पूर्वजों ने वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण के साथ होली खेली है। इस बात को ध्यान में रखें। क्रिकेटर शमी पर दिए अबू आजमी के बयान पर कैलाश विजयवर्गीय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अबु आजमी पागल है और वर्तमान समाज में इस प्रकार की बेहूदी बात करना बहुत ही गलत है। उनको तो ऐसी सजा देना चाहिए कि इस प्रकार बयानबाजी दूसरा व्यक्ति न करे।

---

# धान उपार्जन घोटाले की सीबीआई जांच कराएं, जीतू पटवारी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, करोड़ों के घोटाले का शक

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में धान उपार्जन में घोटाले की शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू कर दी है। एजेंसी ने कई जिलों के उपार्जन केंद्रों पर छापा मारा है। अब इसको लेकर सियासत भी तेज हो गई है। इसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। साथ ही आशंका जताई कि घोटाला कई सौ करोड़ रुपये का है।



पटवारी ने पीएम मोदी को पत्र में लिखा कि मध्य प्रदेश में किसानों के साथ हो रही धोखाधड़ी और व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर मैं आपका ध्यान एक बड़े घोटाले की ओर दिलाना चाहता हूं। प्रदेश में धान उपार्जन में बड़े पैमाने पर घोटाला सामने आया है, जिसमें अधिकारियों की मिलीभगत और सरकारी संरक्षण से किसानों के हक पर डाका डाला गया है, लेकिन राज्य सरकार इसे दबाने का प्रयास कर रही है। पटवारी ने आरोप लगाया कि इस घोटाले में भाजपा की प्रदेश सरकार के प्रभावशाली नेताओं की संलिप्तता के कारण निष्पक्ष जांच की संभावना नहीं है। जैसा कि पहले भी देखा गया है, सरकार अपने कुछ प्यादों पर कार्रवाई कर असली दोषियों को बचाने का प्रयास करती है।

इसलिए, हम मांग करते हैं कि इस घोटाले की जांच सीबीआई से करवाई जाए, ताकि असली दोषियों को कानून के कटघरे में खड़ा किया जा सके। जीतू पटवारी ने कहा कि अगर इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो एमपी कांग्रेस किसानों के साथ सड़कों पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### भ्रष्टाचार का गढ़ बना मध्य प्रदेश- पटवारी

पटवारी ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है, जब भाजपा सरकार के संरक्षण में इस तरह का घोटाला हुआ हो। परिवहन घोटाला, महाकाल लोक घोटाला, आदिवासी छात्रवृत्ति घोटाला और अब धान उपार्जन घोटाला, ये दर्शाते हैं कि मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है। सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार किसानों को ठगने का काम कर रही है। पहले तो समर्थन मूल्य पर धान खरीद में गड़बड़ी की गई और अब किसानों की उपज को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। अगर इस घोटाले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो यह किसानों के साथ घोर अन्याय होगा।

### ईओडब्ल्यू ने 12 जिलों में की छापेमारी

ईओडब्ल्यू ने 12 जिलों में की गई छापेमारी में 150 उपार्जन समितियों और 140 वेयरहाउसों में भ्रष्टाचार के प्रमाण सामने हैं। अब तक की जांच में 19,910.53 मीट्रिक टन धान की हेराफेरी के सबूत मिले हैं, जिसकी कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। सतना के एक वेयरहाउस में तो धान की जगह 535 क्विंटल भूसी पाई गई, जो दर्शाता है कि यह घोटाला कितने सुनियोजित तरीके से किया गया।

---

# पत्रकारिता विभाग में हुई पीपी सर की श्रद्धांजलि सभा, शिक्षकों ने सुनाये संस्मरण कई पुराने साथी हुये भावुक



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् स्वर्गीय पुष्पेंद्र पाल सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आज पत्रकारिता विभाग में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में आज उस समय माहौल गमगीन हो गया जब विभागाध्यक्ष डॉ संजीव गुप्ता ने सभागार में स्वर्गीय पुष्पेंद्र पाल सिंह सर की यादें साझा की। इस अवसर पर विभाग के एचओडी डॉ गुप्ता ने बताया कि पीपी सर जितने अच्छे शिक्षक थे उतने ही बेहतर काउंसलर और मददगार भी थे। उन्होंने कभी समय देखकर ड्यूटी नहीं की। पीपी सर अपने स्टूडेंट के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे। डॉ गुप्ता ने बताया कि पुष्पेंद्र सर के स्टूडेंट्स पूरी दुनिया के मीडिया हाउस मे आज भी माखनलाल विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर सभी शिक्षक कर्मचारियों के साथ पूर्व और वर्तमान विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।इस अवसर पर सतीश एलिया, शिवकुमार विवेक,रूबी सरकार,तारा चातुर मेनन, डॉ रंजन सिंह, डॉ सत्येंद्र डहेरिया एवं विद्यार्थियों ने अपनी शब्दांजलि व्यक्त की। सप्रे संग्रहालय के संस्थापक निदेशक पदमश्री विजयदत्त श्रीधर जी ने पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए मीडिया पुस्तकें विशेष तौर पर पीपी सर के पुण्य स्मरण में विभाग को भेंट स्वरूप प्रेषित की।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निकाली जनजागरण रैली



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** गौरीघाट स्थित शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के छात्र-छात्राओं ने आज शुक्रवार को जन जागरण रैली निकालकर तथा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर नशामुक्ति एवं रक्तदान का संदेश दिया। राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ एल.एल. अहिरवाल ने छात्रों को नशा मुक्त समाज बनाने तथा स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. रवि कुमार वास्तव, डॉ. श्रद्धा नामदेव, डॉ. मनीष राय, डॉ. संजय पुरिया एवं मति अर्चना अहिरवाल सहित महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का योगदान अहम रहा।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जा रही

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री



इंटर्नशिप योजना की जानकारी युवाओं तक अधिक से अधिक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले की शासकीय आईटीआई एवं नाबार्ड ने संयुक्त रूप से कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन महेन्द्रा स्किल्स ट्रैनिंग एण्ड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड (प्रधानमंत्री कौशल केंद्र) विदिशा में किया गया जिसमें युवाओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम से संबंधित जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के विषय में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में आईटीआई प्राचार्य एपी वास्तव, नाबार्ड एजीएम सु जगप्रीत कौर, लीड बैंक मैनेजर बीएस बघेल, जिला उद्योग विभाग से सु जयंती कुमारी एवं आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी आलोक रावत तथा हरेराम यादव उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य भारत की शीर्ष 500 कंपनियों मे देश के युवाओ को इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करना है। पीएम इंटर्नशिप योजना में 21 से 24 वर्ष के बीच आयु के युवा जो पूर्णकालिक रोजगार एवं शिक्षा में नहीं है, एवं जिन अभ्यर्थियों ने हाई स्कूल, हायर सेकन्डेरी स्कूल, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा, या स्नातक किया है वे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है। इन्टर्नशिप की अवधि 12 माह होगी एवं इन्टर्नशिप के दौरान इन्टर्न को प्रतिमाह 5000 रुपये स्टाइपेन्ड दी जाएगी साथ मे बीमा कवर (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना) भी रहेगा। इंटर्नशिप जॉइन करने पर इन्टर्न को भारत सरकार द्वारा राशि 6000 रुपये का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया जाएगा।

### योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश




मीणा ने आज विधानसभा स्तरीय विकास कार्यों की गहन समीक्षा विदिशा जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित की गई थी। विधायक मीणा ने सभी विभागों के अधिकारी से कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विभागीय कार्यों की उपलब्धता स्पष्ट परिलक्षित हो उन्हें निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे कराने की बात करते हुए कहा यदि कहीं कोई दिक्कत आती है तो मुझे सीधे बतला सकते। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन का एक ध्येय आम जन खासकर ग्रामीण जन अपनी समस्याओं के निदान हेतु भटके नहीं। उन्होंने खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि क्षेत्र का अधिक से अधिक भ्रमण करें और ग्रामीणों से सौहार्द वातावरण में संवाद कर उनकी बातें सुनें। गौरतलब हो कि शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विदिशा विकासखण्ड के आने वाले ग्रामों में स्वीकृत किए गए कार्यों की अघतन स्थिति का विधायक मीणा ने जायजा लिया है। बैठक में एसडीएम ने आश्वस्त कराया की विधायक जी द्वारा दिए गए निर्देशों व जनहितैषी क्रियान्वित योजनाओं के शत प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति वित्तीय वर्ष समाप्ति के पहले की जाएं।

### दिव्यांगजनों को सुगम्य यात्रा तहत भ्रमण कराया गया

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** शासन के दिशा निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के द्वारा शुक्रवार पांच मार्च को दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य यात्रा का आयोजन किया गया था। सुगम्य यात्रा में शामिल 25 दिव्यांगजनो को लेकर जाने वाली बस को विदिशा जनपद पंचायत के अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक पंकज जैन, विदिशा जनपद पंचायत सीईओ जितेन्द्र जैन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला पंचायत सीईओ सनोडिया ने दिव्यांगजनो से संवाद कर सुगम्य यात्रा के उद्देश्यो से अवगत कराया और उन्होंने कहा कि जिन विभागो में आप पहुंचे वहां से संबंधित जानकारी प्राप्ति में किसी भी प्रकार की बाधा ना आए इसके लिए पहले से प्रबंध सुनिश्चित किए गए है। उन्होंने सम्पूर्ण भ्रमण कार्यक्रम को स्मरणीय बनाने के लिए सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर जानकारियां सांझा करने के आव्हान किया। सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक पंकज जैन ने बताया कि जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र से अतिथियों द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था बस में सवार दिव्यांगजनों को विदिशा नगरपालिका, माधव उद्यान, जिला चिकित्सालय, कलेक्टेऽट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी (एसडीएम व तहसील कार्यालय) का भ्रमण कराने के उपरांत पर्यटन स्थल उदयगिरी में पहुंचकर दिव्यांगजनों का भ्रमण व भोजन कराया गया। इसके पश्चात् बस स्टेण्ड होते हुए जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र में पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ है। यात्रा के दौरान दिव्यांगजनों ने कार्यालयों में दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत हुए और योजनाओं व कार्यालयों के संबंध में अपना-अपना अभिमत व्यक्त किया है।

# सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : संभाग आयुक्त खत्री

## संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित, अधिकारियों को निर्देशित किया

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**




संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हैल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण तत्परता से कर जवाब पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। एल-1 अधिकारी नियमित शिकायतों को देखें और उनके निराकरण की कार्रवाई करें। उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए।

उन्होंने संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए हैं। संभागीय आयुक्त खत्री ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि भारत सरकार, राज्य सरकार या अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले पत्रों पर समय-सीमा अंकित होने पर प्रकरण का निराकरण तत्परता से कर नस्ती आयुक्त कार्यालय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें। इसके साथ ही न्यायालयीन प्रकरणों में विभागीय अधिकारी समय रहते जवाब तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने विधानसभा प्रश्न, आश्वासन, ध्यान आकर्षण सूचना के संबंध में भी विधानसभा पोर्टल का नियमित अवलोकन कर चाही गई जानकारी समय-सीमा में अपलोड करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। संभागीय आयुक्त खत्री ने संभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि विभिन्न आयोगों के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में भी प्रतिवेदन तैयार कर जानकारी भेजें और उसकी नस्ती आयुक्त कार्यालय को भी भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध हो सके। बैठक में संभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं के संबंध में की गई कार्रवाई से अवगत कराया।

### बाइक पर चलते समय 50 हजार रुपये जेब से निकाले

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में अपराध और अपराधी दोनों ही अपनी सीमाएं लांघते जा रहे हैं। न तो अपराधियों में सुरक्षा व्यवस्था का भय है और न ही किसी भी प्रकार का अपराध करने से पहले किसी का खौफ। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक अपराधी गाड़ी पर जाते हुए व्यक्ति का पर्स चुराते हुए दिख रहा है। हालांकि, यह वीडियो पुलिस के संज्ञान में है और पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। दरअसल, ग्वालियर के रहने वाले फरियादी गौरव नामदेव ने ग्वालियर थाने आकर पुलिस से शिकायत कर बताया कि वह घर के किसी काम के लिए बैंक से 50 हजार रुपये लेकर जा रहे थे। तभी एक टर्निंग पॉइंट पर एक व्यक्ति ने जब गाड़ी धीमी हुई तो उनके पिता के पास रखे 50 हजार रुपये निकाल लिए और एक अन्य व्यक्ति था, जो कि पहले से वहां बाइक लेकर मौजूद था। रुपये चुराने वाला व्यक्ति उसकी बाइक पर बैठकर वहां से फरार हो गया।

# एनजीओ बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने में सहायक हों : सक्सेना

## पुस्तक मेला के संबंध में स्वयं सेवी संगठनों के साथ की बैठक



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।**

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज स्वयं सेवी संगठनों की बैठक लेकर कहा कि विद्यार्थियों को सस्ती दर पर पुस्तक, स्टेशनरी व गणवेश उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक प्रांगण में पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस लोकहित के मेले में स्वयं सेवी संगठनों का भी योगदान हो। जिसमें गरीब बच्चों को निःशुल्क पुस्तक, गणवेश, स्टेशनरी मिल सके। एनजीओ चाहे तो एनसीईआरटी की वेबसाइट से उपलब्ध पीडीएफ से पुस्तक प्रिंट करवा कर बच्चों को दान करें, ताकि बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने में वे सहायक हो सकें। उन्होंने सभी से इस संबंध में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी पुस्तकों की सूची जिला प्रशासन की एनआईसी की वेबसाईट पर उपलब्ध है। ज्यादातर स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें प्रचलित हैं, ऐसी स्थिति में एनसीईआरटी की किताबों की कमी संभावित है, अतः इसमें एनजीओ से सहयोग आपेक्षित है। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला में जरूरतमंद बच्चों के लिए बुक बैंक भी बनाई जाये, ताकि बच्चों को सहजता से पुस्तकें उपलब्ध हो सकें। साथ ही कहा कि एनजीओ बच्चों से पुरानी पुस्तकें लेकर जरूरतमंद बच्चों को आपस में बांटने में सहयोग करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि वे स्वयं सेवी संगठनों को स्कूल बांट दें ताकि वे वहां जाकर पुस्तकों के निःशुल्क वितरण में वे अपना योगदान दे सकें।

# स्वयं सहायता समूह का संचालन करने से आए आमूलचूल परिवर्तन

## आठवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त 33 वर्षीय सीमा कुशवाहा की कहानी

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।**



आठवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त ग्राम सतपाड़ा जौहरी की 33 वर्षीय सीमा कुशवाहा के जीवन में आजीविका मिशन से जुड़कर स्वयं सहायता समूह का संचालन करने से आमूलचूल परिवर्तन आए हैं। उन्होंने श्याम से सहायता समूह की शुरुआत वर्ष 2015 में की थी। जिसमें 11 सदस्य शामिल हैं। सतपाड़ा जोहरी आजीविका ग्राम संगठन अंतर्गत उन्होंने एक किराना दुकान शुरू की साथ ही उन्होंने कृषि सखी का कार्य भी किया। जिससे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी हुई। वह कहती है कि किराने की दुकान के कार्य करने से उनके रहन-सहन की स्थिति एवं पारिवारिक भरण पोषण में पहले की अपेक्षा बहुत बदलाव हुआ है और मन में भी काफी प्रसन्नता रहती है। आज उनका परिवार बेहद खुश है। उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। किराना दुकान से आय अर्जन में वृद्धि हुई और वर्तमान में उनकी मासिक आय 12000 से 15000 रुपए हो गई है। जिससे उनके परिवार का घर खर्च में सहयोग मिलता है और पूंजी भी एकत्रित हो रही है। ग्रामीण समुदाय में मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किये जा रहे कार्यों के प्रति रुझान बड़ा है और शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लाभ लेकर आजीविका गतिविधि से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्र की श्रीमती सीमा कुशवाहा सहित अनेक ग्रामीण महिलाओं के परिवार का भरण पोषण, बच्चों की शिक्षा को पूर्ण करने में सहायता प्राप्त हो रही है जिससे सामाजिक स्तर पहले से और बेहतर हो गया है।

# शहरी क्षेत्र के वार्ड-61 से 66 तक के विद्युतीकरण का प्रस्ताव तैयार किया जाए : सांसद कुशवाह

## बेहतर विद्युत व्यवस्था हो, इसे प्राथमिकता से किया जाए, समिति की बैठक में विद्युतीकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**




शहरी क्षेत्र के वार्ड क्र. -61 से 66 तक के सभी वार्डों के विद्युतीकरण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए। इन वार्डों में बेहतर विद्युत व्यवस्था हो, इसे प्राथमिकता से किया जाए। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक में यह बात कही। कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक में विद्युतीकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर रुचिका चौहान सहित विद्युत विभाग के शहरी तथा ग्रामीण अधिकारी और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए ट्रांसफार्मरों के सुधार, लाइनों के सुधार का कार्य शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिकता से किया जाए ताकि गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विद्युत सुधार के लिये जो धनराशि प्राप्त हुई है उनका कार्य तेजी के साथ पूर्ण किया जाए ताकि ग्रामीणों को बेहतर विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो सके। बैठक में बताया गया कि केन्द्र सरकार की वित्तीय सहायता से पोषित आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लॉस रिडक्शन हेतु 151.60 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई थी, जिनमें अतिरिक्त वितरण परिणामित्रों की स्थापना, 1500 केव्हीआर कैपेसिटर की स्थापना व तारों की विद्युत क्षमता वृद्धि के कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में विद्युत विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में विद्युत सुधार के लिये किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही शहर में नवीन सब स्टेशन निर्माण के संबंध में भी जानकारी दी गई।

# यातायात सुधार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए, जिला यातायात समिति की बैठक सम्पन्न

## यातायात व्यवस्था के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**

शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने क लिये सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें। यातायात व्यवस्था के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। यातायात में बाधक विद्युत पोलों को शिफ्ट करने का कार्य नगर निगम एवं विद्युत मंडल आपसी समन्वय के साथ तत्परता से पूर्ण करें। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने जिला यातायात समिति की बैठक में यह बात कही। यातायात सुधार के संबंध में बैठक में सभी विभागों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। जिला यातायात समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण प्रेम सिंह राजपूत, कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ अधीक्षक धर्मवीर सिंह, अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, एडीएम टी एन सिंह, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के दीपक अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने यातायात व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रथम चरण में इंदरगंज चौराहा एवं सात नंबर चौराहा मुरार के यातायात को व्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया है। नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अधिकारी पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ दोनों चौराहों का भ्रमण कर यातायात को और कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, इसका प्रस्ताव भी तैयार करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ऐसे विद्युत पोल जो यातायात में बाधक हैं, उन्हें शिफ्ट करने की कार्रवाई नगर निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारी तत्परता से करें। इस कार्य में दोनों विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें। क्षेत्रीय सांसद कुशवाह ने परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया है कि शहर में संचालित शतप्रतिशत स्कूल बसों की फिटनेस चैक करने का कार्य किया जाए। किए गए कार्य की विस्तृत रिपोर्ट भी जिला यातायात समिति की बैठक में रखी जाए। बच्चों के स्कूल बस की चैकिंग में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि राजमार्ग पर विद्युत व्यवस्था के लिये विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए, ताकि अंधेरे के कारण कोई दुर्घटना न हो सके। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा बताए गए सभी स्थानों पर विभागीय अधिकारी शाइनेज लगाने का काम भी शीघ्रता से करें। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर ऐसे बोर्ड लगाए जाएं। इसके साथ ही बोर्ड के नीचे रेडियम भी लगाएं ताकि रात में भी वह दिखाई दे सकें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि बैठक में चाही गई जानकारी समय पर प्रस्तुत करें। किसी भी विभाग के सामने अप्राप्त जानकारी नहीं अंकित होना चाहिए। अधिकारी इस कार्य को गंभीरता के साथ करें। क्षेत्रीय सांसद कुशवाह ने वन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे यातायात व्यवस्था के जो कार्य हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ करें।

### विदिशा के ग्राम बामोरा की अनीता मालवीय के सफल होने की कहानी

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** महिलाओं को प्रेरणा देकर सफल होने की यह कहानी है विदिशा जिले के ग्राम बामोरा निवासी अनीता मालवीय की। उन्होंने आजीविका मिशन से जुड़कर स्व सहायता समूह का संचालन कर सिलाई मशीन और आटा चक्की शुरू कर अपनी आय सालाना 180000 रुपए तक कर ली है वह प्रतिमा 15000 रुपए की आमदनी प्राप्त कर रही है जो ग्रामीण क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं। अनीता मालवीय ने आजीविका गतिविधि की शुरुआत कैसे की एवं उसके प्रारंभ से लेकर सफल होने तक कौन – कौन सी कठिनाईयां और परेशानियों पारिवारिक , सामाजिक, आर्थिक और महिला होने के नाते आने वाली समस्यायों का सामना करना पड़ा यह सब बताते हुए वह कहती हैं कि सर्व प्रथम आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने संस्था का निर्माण किया एवं संस्थागत स्तरों पर विभिन्न जानकारियों के माध्यम से उनके द्वारा चक्रिय निधि व सीसीएल के माध्यम से सिलाई व आटा चक्की हेतु समूह के माध्यम से 65000 का लोन लिया। जिसके माध्यम से अनीता मालवीय को प्रति माह में लगभग 15000 की आय प्राप्त होने लगी।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ पूरनलाल का अंतिम संस्कार



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।**

मृत्यु के बाद अंगदान से दो लोगों को जीवन दे गये शिल्पी नगर भेडाघाट निवासी पूरनलाल चौधरी का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ सरस्वतीघाट भेडाघाट में किया गया। इसके पहले स्व. पूरनलाल की पार्थिव देह को पूरे सम्मान के साथ नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से निवास स्थान के लिये विदा किया गया। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अंगदान को प्रोत्साहित करने तथा अंगदान करने वालों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने उनकी पार्थिव देह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ करने की घोषणा की थी। कार्यस्थल पर दुर्घटना की वजह से मस्तिष्क में गहरी चोट पहुँचने के कारण 54 वर्षीय श्री पूरनलाल चौधरी को उपचार के लिये 5 मार्च को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहाँ चिकित्सकों द्वारा जांच और परीक्षण के बाद उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों की सलाह पर स्व. पूरनलाल के परिजनों ने उनकी दोनों किडनी दान करने का निर्णय लिया। इसके बाद स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन को सूचित किया गया तथा कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर शुक्रवार की सुबह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से दमोह नाका जबलपुर स्थित मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल तथा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से डुमना एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाये गये।

# सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र में कार्यक्रम संपन्न

## सांसद दुबे ने जनऔषधि केन्द्र का निरीक्षण कर केन्द्र में उपलब्ध दवाईयों के बारे में जानकारी ली




**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।**

जनऔषधि दिवस के अवसर पर सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान सांसद दुबे ने जनऔषधि केन्द्र का निरीक्षण कर केन्द्र में उपलब्ध दवाईयों के बारे में जानकारी ली। साथ ही लाभांवित हितग्राहियों से सीधे संवाद कर औषधि की गुणवत्ता, कीमत के बारे में चर्चा की। ज्ञात हो कि यह औषधि केन्द्र जिला चिकित्सालय परिसर स्थित रेडक्रास द्वारा संचालित है। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का भी निरीक्षण किया गया। नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर और आशीष दीक्षित, सचिव रेडक्रास जबलपुर द्वारा जबलपुर में संचालित रेडक्रास जनऔषधि केन्द्र के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं इससे होने वाले फायदे के बारे में जनसमुदाय को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान राममूर्ति मिश्रा, डॉ. आलोक चंसोरिया, डॉ. सुनील मिश्रा, लक्ष्मी बेन, रेडक्रास कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, नीरज वर्मा, हेमंत अग्रवाल, सुनील गर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. संजय मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जबलपुर का सराहनीय सहयोग रहा। जनऔषधि दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर में डॉ. नवीन कोठारी, सिविल सर्जन एवं चिकित्सालय स्टॉफ द्वारा सेवायें प्रदान की गई।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
जोन क्रं 04 (यांत्रिक विभाग)

75 / यां.वि. / 2025 — भोपाल, दिनांक 07.03.2025

निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु दो लिफाफा पद्धति के म.प्र. लोक निर्माण विभाग मे केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1 | 2025_UAD 407603_1 | PROVIDING AND FIXING OF CHAMBERS AT GHODA NAKKAS ROAD , MANGALWARA ROAD AND SILAWATPURA AREA AT WARD 20 ZONE 04 | 1.91 | 21-Mar-2025 | 17:30 PM |
| 2 | 2025_UAD_407467_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD IN FRONT OF SULTAN SHAH MASJID EKTA NAGAR WARD 18 ZONE 04 | 2.50 | 21-Mar-2025 | 17:30 PM |
| 3 | 2025_UAD_398612_2 | PROVIDING AND FIXING OF PAVER BLOCKS NEAR TEETAY BHAI HOUSE GURUNANAK COMPLEX IBRAHIMGANJ WARD 17 ZONE 04 | 0.96 | 13-Mar-2025 | 17:30 PM |

नियम व शर्तें :-
1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत mptenders.gov.in जानकारी पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

नि . क्र .1444/024/025

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्र. 04
नगर निगम, भोपाल

# महाकुंभ में 30 करोड़ कमाने वाले पर सियासत शुरू अखिलेश बोले, हिस्ट्रीशीटर का सच पता किया जाए

## प्रयागराज के अरैल इलाके में रहने वाले नाविक पिंटू महरा का परिवार महाकुंभ में नाव चलाकर बना करोड़पति




प्रयागराज । प्रयागराज के अरैल इलाके में रहने वाले नाविक पिंटू महरा का परिवार महाकुंभ में नाव चलाकर करोड़पति हो गया। इसकी चर्चा खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है। इस पर राजनीति शुरु हो गई।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा है कि सच सामने आना चाहिए, और जीएसटी कितना जमा किया इसका भी खुलासा होना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर शेयर किया। जिस पर लिखा था, महाकुंभ में नाव चलाकर 30 करोड़ कमाने वाला माफिया/हिस्ट्रीशीटर निकला! सीएम योगी ने विधानसभा में तारीफ की थी। साथ ही इसे लेकर अखिलेश ने योगी सरकार से सवाल भी किया। उन्होंने लिखा कि इस समाचार की सच्चाई की पड़ताल हो। अगर सच में एक परिवार ने महाकुंभ में अकेले 30 करोड़ कमाए हैं, तो जीएसटी कितना मिला ये भी तो बताएं। 'पातालखोजी' पहले पता कर लिया करें फिर महिमामंडन किया करें। पहले ठग से एमओयू कर लिया, अब नामज़द के नाम की सदन में बंद आंखों से तारीफ़ कर दी। अब तो आंखे खोलें। इन्हीं सब वजहों से ही भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। दरअसल प्रदेश सरकार के मुताबिक, प्रयागराज के अरैल इलाके में रहने वाले नाविक पिंटू महरा का परिवार महाकुंभ में नाव चलाकर करोड़पति हो गया। पिंटू महरा का कहना है कि उन्होंने 2019 के कुंभ में नाव चलाई थी और उन्हें अनुमान था कि इस बार महाकुंभ में बहुत भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ आने वाली है। पिंटू महरा के परिवार ने महाकुंभ के पहले 70 नावें खरीदीं। पहले से उनके सौ से अधिक सदस्यों वाले परिवार में 60 नावें थीं। इस तरह इन 130 नावों को महरा परिवार ने महाकुंभ में उतार दिया। नाविकों के एक परिवार के पूरे आयोजन के 30 करोड़ की कमाई की बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। लेकिन जिनके पास एक या दो नाव भी थीं, उन्हें भी इस महाकुंभ के महाआयोजन में खूब कमाने का मौका मिला। लक्ष्मी की ऐसी कृपा हुई कि किसी श्रद्धालु ने एक लाख 60 हजार रुपये दे दिया तो किसी ने स्वर्ण प्रतिमा। इस बात को खुद संगम वीआईपी घाट पर तैनात नाविक भी स्वीकार रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के जज होंगे जस्टिस जॉयमाल्या बागची, कॉलेजियम ने की सिफारिश

## बागची को 27 जून 2011 को कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था



नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस जॉयमाल्या बागची को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। यदि उनकी नियुक्ति मंजूर होती है, तो वे 2 अक्टूबर 2031 तक भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बनने की कतार में होंगे। जस्टिस जॉयमाल्या बागची को 27 जून 2011 को कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। 4 जनवरी 2021 को वे आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में ट्रांसफर किए गए। 8 नवंबर 2021 को उन्हें दोबारा कलकत्ता हाईकोर्ट में भेजा गया, जहां वे वर्तमान में कार्यरत हैं। वे 13 वर्षों से अधिक समय तक हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में सेवा दे चुके हैं।

### 2031 में बन सकते हैं भारत के चीफ जस्टिस

25 मई 2031 को जस्टिस केवी विश्वनाथन के रिटायर होने के बाद, जस्टिस बागची भारत के चीफ जस्टिस बनने की कतार में होंगे। उनका कार्यकाल 2 अक्टूबर 2031 तक रहेगा। कलकत्ता हाईकोर्ट से 2013 के बाद कोई भी मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) नहीं बना है।

### कॉलेजियम का तर्क

कलकत्ता हाईकोर्ट का प्रतिनिधित्व सुप्रीम कोर्ट में कम है। जस्टिस बागची चीफ जस्टिस सहित हाईकोर्ट के जजों की ऑल इंडिया सीनियरिटी लिस्ट में 11वें स्थान पर हैं। उनका अनुभव और न्यायिक योग्यता उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जज बनने के योग्य बनाते हैं।अब यदि सरकार इस सिफारिश को मंजूरी प्रदान कर देती है, तो जस्टिस बागची जल्द ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे।

# एथेना लैंडर चंद्रमा पर उतरा थोड़ी देर बाद हो गया गायब!

वाशिंगटन (एजेंसी)।



अमेरिका की प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का एथेना लैंडर गुरुवार को चांद पर उतरा गया। इसकी पुष्टि नासा ने की। अब कहा जा रहा है कि इसकी स्थिति की जानकारी नहीं मिल रही है। वहीं नासा ने लाइव टेलिकास्ट भी बंद कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह पता नहीं चल पा रहा कि लैंडर चांद की सतह पर सीधा खड़ा है या नहीं।

मीडिया रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि मिशन की पुष्टि को लेकर समय लग सकता है। मिशन के डायरेक्टर और कंपनी के टिम क्रेन भी स्पष्ट नहीं कर पाए कि मिशन चंद्रमा पर उतरा भी है या नहीं। उन्होंने कहा कि लैंडर की स्थिति का पता लगाने की कोशिश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि सतह पर उतरने के बाद भी लैंडर से संपर्क साधा गया था। पिछली बार जब 'इंट्यूटिव मशीन्स' नामक इस कंपनी ने एक साल पहले चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान उतारा था, तो वह तिरछा होकर गिर गया था।

# प्रधानमंत्री मोदी ने ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस सम्मान के लिए जताया आभार

## ब्रिजटाउन में समारोह के दौरान विदेश राज्य मंत्री मार्गेरिटा ने सम्मान ग्रहण किया

नई दिल्ली (एजेंसी)।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोविड-19 महामारी के दौरान उनके रणनीतिक नेतृत्व और वैश्विक सहयोग के लिए ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस सम्मान से नवाजा गया है। इस सम्मान के लिए पीएम मोदी ने बारबाडोस की सरकार और वहां की जनता का आभार व्यक्त किया।

बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में गुरुवार को आयोजित एक विशेष समारोह में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से यह सम्मान ग्रहण किया। इस अवसर पर बारबाडोस की राष्ट्रपति डेम सैंड्रा मेसन, प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटली, विदेश मंत्री केरी सिमंड्स और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इस सम्मान के लिए बारबाडोस की सरकार और वहां की जनता का आभार जताया। उन्होंने लिखा, इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बारबाडोस की सरकार और लोगों का आभार। यह पुरस्कार 1.4 बिलियन भारतीयों और भारत-बारबाडोस के घनिष्ठ संबंधों को समर्पित है। वहीं केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस सम्मान को लेकर गर्व और सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस पुरस्कार प्राप्त करना एक गौरवशाली क्षण है। यह भारत-बारबाडोस की मित्रता का प्रतीक है। बारबाडोस सरकार ने यह सम्मान कोविड-19 संकट के दौरान भारत द्वारा दी गई अहम सहायता और पीएम मोदी के निर्णायक नेतृत्व को मान्यता देने के लिए प्रदान किया।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लिखा पत्र

## परमाणु समझौते पर बातचीत के लिए दिया न्योता

वॉशिंगटन (एजेंसी)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत करना चाहते हैं। इसे लेकर उन्होंने गुरुवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनई को एक पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने परमाणु समझौते पर फिर से बातचीत शुरू करने की पहल की है। एक समाचार एजेंसी के साथ एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप बातचीत करेंगे, क्योंकि यह ईरान के लिए बहुत बेहतर होगा। मुझे लगता है कि वे उस पत्र को पाना चाहते हैं। दूसरा विकल्प यह है कि हमें कुछ करना होगा, क्योंकि आपको एक और परमाणु हथियार नहीं बनने दे सकते हैं। वहीं ईरान के विदेश मंत्रालय की ओर से ट्रंप की टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। ट्रंप ने कहा, ईरान से निपटने के दो तरीके हैं। सैन्य तरीके से या फिर आप समझौता कर लें। मैं समझौता करना पसंद करूंगा, क्योंकि मैं ईरान को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता। वे अच्छे लोग हैं। जनवरी में दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी विदेश नीति में परिवर्तन करते हुए रूस के प्रति अधिक समझौतापूर्ण रुख अपनाया है, जिससे पश्चिमी सहयोगी चिंतित हो गए हैं, क्योंकि वह यूक्रेन में मॉस्को के तीन साल पुराने युद्ध को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले ट्रंप ने 2018 में, अपने पहले कार्यकाल के एक वर्ष बाद, ईरान परमाणु समझौते से हाथ खींच लिया था, जो ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए एक बहुराष्ट्रीय समझौता था।

# बिजनेस

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### रेडक्लिफ लैब्स का कैंपेन शुरू

**जबलपुर (एजेंसी)।** भारत में 52 प्रतिशत महिलाओं को लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का खतरा है। इसे ध्यान में रखते हुए, प्रमुख डायग्नोस्टिक हेल्थकेयर प्रदाता रेडक्लिफ लैब्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक महीने का कैंपेन शुरू किया है, जिसका नाम है फॉर द वुमन, बाय द वुमन (महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा)। यह कैंपेन 8 फरवरी 2025 से शुरू हुआ और पूरे देश में 220 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों के जरिए महिलाओं को जागरूक करने और उनकी बीमारियों की रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इन सभी शिविरों का प्रबंधन पूरी तरह से महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना, बीमारियों का जल्दी पता लगाने में मदद करना और उन्हें अपनी सेहत की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाना है। 8 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले इस कैंपेन को 21 राज्यों और 110 शहरों में संचालित किया जा रहा है। इसमें दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे बड़े शहरों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा, वाराणसी, पटना, जबलपुर, जयपुर और देश के अन्य हिस्सों में भी इसे चलाया जा रहा है।

### नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी द्वारा वॉकथॉन का आयोजन

**रतलाम (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर द्वारा निन्संतानता से जुझ रहे महिलाओं के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया था। नि :संतानता से जुड़ी गलत धारणाओं को दूर करना इसका मुख्य उद्देश था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतलाम के महापौर प्रहलाद पटेल और रतलाम के शासकीय मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ अनीता मुथा थीं। इस अभियान के लिए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। नि :संतानता अब केवल बड़े शहरों की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि रतलाम जैसे टियर 2 क्षेत्रों में भी यह समस्या देखी जा रही है। नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी के प्रजनन विशेषज्ञ 30 वर्ष से कम आयु के जोड़ों में भी यह समस्या देख रहे हैं। पर्यावरण और जीवनशैली के कारण यह समस्या जोडों में बढती दिखाई दे रही हैं। इस प्रवृत्ति को प्रभावित कर सकते हैं।

### डॉलर के मुकाबले मामूली बढ़त पर बंद हुआ रुपया

**मुंबई (एजेंसी)।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया 86.93 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर



सूचकांक के अपने पांच महीने के निचले स्तर पर आने और मांग में नरमी के अनुमान के कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की वजह से रुपये में तेजी दिखाई दी। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, अस्थिर घरेलू शेयर बाजार की धारणा और विदेशी पूंजी की सतत निकासी से घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी का कारण दुनिया भर में शुल्क को लेकर अस्पष्टता की वजह से जोखिम से बचने की प्रवृत्ति में वृद्धि है।

# वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच सपाट बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार

## 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ 74,347 अंक पर खुला

मुंबई (एजेंसी)।



वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच भारतीय शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को करीब-करीब सपाट बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को मामूली बढ़त के साथ 74,347 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 74,586 अंक के उछाल और 74,038 अंक के निचले स्तर पर झूलने के बाद 7.51 अंक की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी50 भी गिरावट में खुला। कारोबार के दौरान इंडेक्स में उतार-चढाव देखने को मिला। अंत में निफ़्टी 7.80 अंक बढ़कर 22,552.50 पर बंद हुआ। ब्रोडर मार्केटस निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में तेजी जारी रही और यह 0.67 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.32 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। शुक्रवार को बाजार में निफ्टी 50 में शामिल शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में दिखाई दी। जो 3.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुई। इसके बाद टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज ऑटो और हिंडाल्को में 1.23 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। वहीं इंडसइंड बैंक, श्रीराम फाइनेंस, एनटीपीसी, बीपीसीएल और इंफोसिस निफ्टी 50 में शामिल सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयर में शामिल रहे। बात दें कि फरवरी में विदेशी निवेशकों की भारतीय शेयर बाजारों से निकासी जारी रही, लेकिन वित्तीय सेक्टर के दिग्गज शेयरों में बिकवाली की रफ्तार जनवरी की भारी निकासी के मुकाबले काफी धीमी रही। हालांकि इकनॉमिक ग्रोथ में सुस्ती की चिंता बनी हुई है। नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने वित्तीय सेक्टर के शेयरों से 69.91 अरब रुपये की बिकवाली की जो अहम क्षेत्रों से हुई निकासी में सबसे ज्यादा है। हालांकि जनवरी में हुई निकासी के मुकाबले इसमें खासी कमी आई है क्योंकि तब एफपीआई ने वित्तीय क्षेत्र में 3 अरब डॉलर के शेयरों की बिक्री की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका प्रशासन अपनी टैरिफ नीति को अंतिम रूप देते समय शेयर बाजार की प्रतिक्रियाओं को ध्यान में नहीं रखेगा।

# दोपहिया वाहनों की बिक्री में सालाना छह फीसदी गिरावट

## कारों की खुदरा बिक्री 10 फीसदी घटी, फाडा ने किए आंकड़े जारी

मुंबई (एजेंसी)।



कारों व दोपहिया वाहन समेत विभिन्न प्रकार के वाहनों की मांग गिरने से गाड़ियों की खुदरा बिक्री फरवरी, 2025 में सालाना आधार पर 7 फीसदी की गिरावट के साथ 18,99,196 इकाई रह गई। फरवरी, 2024 में कुल 20,46,328 वाहन बेचे गए थे। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने कारों की खुदरा बिक्री फरवरी, 2024 से 10 फीसदी घटकर 3,03,398 इकाईरह गई।इस दौरान कुल 13,53,280 दोपहिया वाहन बिके।यह आंकड़ा फरवरी, 2024 में बिके 14,44,674 दोपहिया वाहनों की तुलना में 6 फीसदी कम है।

वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 9 फीसदी घटकर 82,763 इकाईरह गई, जबकि ट्रैक्टर की बिक्री में भी 14.5 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है।डीलरों का इन्वेंट्री लेवल अब भी 50-52 दिन के स्तर पर है।फाडा के एक अधिकारी ने बयान में कहा फरवरी में सभी श्रेणियों में व्यापक गिरावट देखी गई। खुदरा विक्रेताओं ने बिना उनकी सहमति के उन्हें गाड़ियां भेजे जाने के बारे में चिंता जताना शुरू कर दिया। मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) को अत्यधिक खेप के साथ खुदरा विक्रेताओं पर बोझ डालने से बचना चाहिए। मार्च में वाहनों की बिक्री को लेकर घरेलू यात्री वाहन बाजार में लंबे समय से दूसरे स्थान पर कायम ह्यूंडई मोटर इंडिया फरवरी में खुदरा बिक्री के मामले में चौथे स्थान पर खिसक गई। फाडा के आंकड़े से पता चलता है कि फरवरी में कंपनी ने 20 फीसदी कम वाहन बेचे।इसके साथ ही उसकी घरेलू बाजार में हिस्सेदारी घटकर 12.58 फीसदी रह गई। मारुति सुजुकी 38.94 फीसदी के साथनंबर वन पर है। महिंद्रा एंड महिंद्रा और 13.15 फीसदी के साथदूसरे और टाटा मोटर्स 12.75 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर है।

# जियोस्टार 1,100 कर्मचारियों की छंटनी करेगी

## निकाले जाने वालों को एक साल तक का वेतन दिया जाएगा

मुंबई (एजेंसी)।

जियोस्टार 1,100 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर रही है। इसकी प्रमुख कंपनी वायाकॉम18 का वॉल्ट डिज्नी के साथ नवंबर, 2024 में विलय हो गया था। इससे कुछ विभागों में कर्मचारियों की संख्या ज्यादा हो गई थी। हालांकि, निकाले जाने वालों को छह महीने से एक साल तक का वेतन दिया जाएगा। विलय के बाद पुनर्गठन के तहत कंपनी में छंटनी की शुरुआत फरवरी से शुरू हुई है, जो जून तक चलेगी।

कंपनी वितरण, फाइनेंस, कॉमर्शियल और कानूनी विभाग में गैर जरूरी लोगों को निकालेगी। अगर कोई कर्मचारी एक साल पहले कंपनी में आया है तो उसे एक महीने का पूरा वेतन मिलेगा। इसी हिसाब से बाकी कर्मचारियों को भी मिलेगा। एक से तीन महीने का नोटिस होगा। विलय के बाद ये जियो देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट नेटवर्क बन गया है। यह सौदा 70,352 करोड़ रुपये में हुआ था।

डिज्नी-रिलायंस एंटरटेनमेंट के पास अब 75 करोड़ दर्शक हो गए हैं। रिलायंस ने इस संयुक्त उपक्रम के लिए 11,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। डीएचएल जर्मनी में इस वर्ष लगभग 8,000 लोगों की छंटनी करेगी। कंपनी 2027 तक एक अरब यूरो की बचत करने की योजना बना रही है और उसी रणनीति के तहत यह फैसला लिया गया है। डीएचएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि कुल कार्यबल का एक फीसदी हिस्सा छंटनी का शिकार होगा।

# सोना 85,700 के करीब, चांदी भी हुई सस्ती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।।** सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में गिरावट देखने को मिल रही है। शुक्रवार को दोनों कीमती धातुओं के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 85,700 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 97,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वै?श्विक बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 294 रुपये की गिरावट के साथ 85,740 रुपये के भाव पर खुला और 300 रुपये की गिरावट के साथ 85,734 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 185 रुपये की गिरावट के साथ 97,956 रुपये पर खुला। इस समय यह 249 रुपये की गिरावट के साथ 97,892 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,919.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,926.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 11.90 डॉलर की गिरावट के साथ 2,914.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।



# लेंसकार्ट ने तुक्कुगुडा में दुनिया की सबसे बड़ी आईवियर फैक्ट्री का शिलान्यास किया

## तेलंगाना सरकार ने 1,500 करोड़ रुपये का निवेश किया

हैदराबाद (एजेंसी)।

विश्वस्तरीय आईवियर उत्पादक कंपनी लेंसकार्ट ने हैदराबाद के बाहरी इलाके तुक्कुगुडा में दुनिया की सबसे बड़ी आईवियर फैक्ट्री का शिलान्यास किया। इस महा योजना के लिए तेलंगाना सरकार ने 1,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस फैक्ट्री में फ्रेम, लेंस और आईवियर बनाने की प्रक्रिया एक साथ होगी। यह यूनीकार्न स्टार्टअप लेंसकार्ट की दूसरी फैक्ट्री है और यह चाहती है कि उसकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो। इस प्रोजेक्ट से 2,100 से अधिक नौकरियां बढ़ेंगी और इसके अंत में हर दिन 2 लाख से अधिक चश्मे बनेंगे। यह तेलंगाना सरकार के और गुरुग्राम स्थित लेंसकार्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के बीच किया गया रणनीतिक सहयोग है। इस निवेश से तेलंगाना को वैश्विक उद्योगों के लिए एक आकर्षक स्थान मिलेगा और राज्य के उद्यामिता और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी का कहना है कि हैदराबाद की फैक्ट्री अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगी। इसमें ऑटोमेशन का उच्च स्तर होगा। कंपनी के मुताबिक इससे उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर होगी। साथ ही, यह उनकी आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूत करेगा। इससे दुनिया भर में उच्च गुणवत्ता वाले आईवियर की आपूर्ति आसान होगी। चश्मे की यह बड़ी फैक्ट्री तेलंगाना सरकार और गुरुग्राम स्थित लेंसकार्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक रणनीतिक सहयोग का परिणाम है। तेलंगाना सरकार ने इस प्रोजेक्ट को कर्नाटक से अपनी ओर खींच लिया था। सरकार का कहना है कि यह निवेश तेलंगाना को वैश्विक उद्योगों के लिए एक पसंदीदा जगह बनाता है। यह राज्य में उन्नत विनिर्माण और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देगा।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और मितव्यता का देते हैं संदेश : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री पंधाना खण्डवा के सामूहिक विवाह में वर्चुअली हुए शामिल

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खंडवा जिले के पंधाना विकासखंड में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 1158 वर-वधु को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक साथ इतने जोड़ों का परिणय सूत्र में बंधना अपने आप में रिकॉर्ड बनने जैसा है।

पाणिग्रहण संस्कार और निकाह के एक साथ आयोजन ने सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। विवाह के इस सामूहिक आयोजन से अपव्यय पर रोक लगती है और सामाजिक एकता का संदेश भी जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली शामिल हुए।

पंधाना में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा उपस्थित थे। कृषि उपज मंडी पंधाना में हुए कार्यक्रम में 1158 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इनमें 1137 का विवाह एवं 21 जोड़ों का निकाह हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विवाह 16 संस्कारों में से एक प्रमुख संस्कार है। उन्होंने कहा कि परिवार में आ रही वधू का बेटी के समान प्रेम और सम्मान दिया जाए तथा बेटी भी अपने सास-ससुर को माता-पिता



मानकर कुटुंब परंपरा का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन की ओर से प्रत्येक वर-वधु को 51 हजार रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसमें से 49 हजार रुपये सीधे उनके खाते में डाले जा रहे हैं।

## केंद्रीय बजट की पहली मंजूरी से आकार लेगा भोपाल का कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटरः सीएम

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में हुई संभागवार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद जब भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर समिट का मौका आया तो हमने मानव संग्रहालय को आयोजन के लिए चुन लिया था। लेकिन उसी समय तय कर लिया था कि भोपाल में एक बड़े कन्वेंशन सेंटर की आवश्यकता है। इसी जरूरत के आधार पर हमने जनवरी माह में कन्वेंशन सेंटर के लिए टेंडर जारी कर दिए।

## जीआईएस-भोपाल से मध्यप्रदेश बन रहा हेल्थकेयर, फार्मा और मेडिकल डिवाइसेज में निवेश का नया केंद्र : डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की अनुकूल नीतियां, विकसित अधोसंरचना और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी सुविधाएं राज्य को दवा कंपनियों और चिकित्सा उपकरण निर्माताओं के लिए फेवरेट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन बना रही हैं। जीआईएस-भोपाल में हेल्थकेयर, फार्मा और मेडिटेक क्षेत्र की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि मध्यप्रदेश चिकित्सा उपकरण निर्माण का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। उज्जैन में विकसित हो रहे 75 एकड़ के मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल पार्क को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैश्विक निवेशकों के लिए 'बेस्ट डेस्टिनेशन' करार दिया। जीआईएस-भोपाल में आयोजित 'मॉलिक्यूल्स-टू-मशीन (हेल्थकेयर, फार्मा, मेडिटेक)' सत्र के दौरान, विशेषज्ञों ने इस अवधारणा पर चर्चा करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश दवा निर्माण से लेकर चिकित्सा उपकरण उत्पादन तक पूरे हेल्थकेयर इको सिस्टम को मजबूत कर रहा है। राज्य में फार्मास्युटिकल कंपनियों, एक्टिव फार्मास्युटिकल इनग्रेडिएंट्स (एपीआई) निर्माण इकाइयों और मेडिकल डिवाइस विनिर्माण में तेजी से वृद्धि हो रही है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के समन्वयक राजीव छिब्बर ने बताया कि उज्जैन स्थित विक्रम उद्योग नगरी में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 23 विनिर्माताओं ने निवेश करने की पुष्टि की है।

# 16वें केंद्रीय वित्त आयोग ने उद्योग एवं व्यापार निकायों के प्रतिनिधियों संग की चर्चा



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** 16वें केंद्रीय वित्त आयोग ने निर्यात भवन, पीथमपुर में उद्योग एवं व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर औद्योगिक विकास और आर्थिक सहयोग से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में आयोग सदस्य सुश्री एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, आयोग के सचिव ऋत्विक पांडे, संयुक्त सचिव के.के. मिश्रा, कमिश्नर दीपक सिंह और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा भी मौजूद थे।

एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक चंद्रमौली शुक्ला ने उद्योग विभाग की इंडस्ट्रियल प्रमोशन पॉलिसी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें निजी क्षेत्र के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बैठक से मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में नए अवसरों को बल मिलेगा और उद्योग जगत की मांगों को केंद्र सरकार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। वित्त आयोग की सदस्य सुएनी जॉर्ज मैथ्यू ने कहा कि उद्योग जगत के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत सभी सुझावों पर विचार किया जाएगा।

औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष विभिन्न उद्योग और व्यापार से संबंधित कई सुझाव दिये इनमें एयर कार्गो हब और एयरोप्लेन मेंटेनेंस हब की स्थापना, महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु स्किल डेवलपमेंट सेंटर, डेटा सेंटर और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की आवश्यकता से अवगत कराया।

संगठन के सदस्यों ने एमपी को ट्राइबल और फॉरेस्ट एरिया होने के कारण केंद्र सरकार से अधिक समर्थन की मांग करते हुए एग्रीकल्चर और हेल्थकेयर सेक्टर को बढ़ावा देने की जरूरत भी बताई। प्रतिनिधियों ने ऑटो इंडस्ट्री में नए निवेश और आधुनिकीकरण की आवश्यकता बताते हुए आरएंडडी क्षेत्र में बढ़ती लागत के लिए समर्थन भी मांगा। प्रतिनिधियों ने प्लास्टिक रिसाइक्लिंग और बॉयोडिग्रेडेबल प्लास्टिक निर्माण के लिए नए स्किल सेंटर एवं फंडिंग, औद्योगिक विकास को गति देने हेतु रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार, रियल एस्टेट उद्योग को समर्थन, टेक्सटाइल इंडस्ट्री की जरूरतों पर विशेष ध्यान, ड्यूटी फ्री लोकल मार्केट की मांग, पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए बेहतर अधोसंरचना के लिये सुझाव देते हुए कहा छोटे उद्योगों के विकास के लिए अधिक योजनाओं की जरूरत जताई।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### प्रदेश में 730 स्कूलों को पीएमश्री स्कूल के रूप में किया जा रहा है विकसित

**भोपाल।** प्रदेश में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हों, इस उद्देश्य से प्रदेश के 730 स्कूलों को पीएमश्री स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य के 313 विकासखण्डों में 626 (प्रति विकासखण्ड 2) और नगरीय निकायों में 104 स्कूल विकसित किये जा रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा पहले चरण में प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग को 219 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गयी है। इन स्कूलों को ग्रीन स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इनमें लैब, लायब्रेरी, व्यावसायिक शिक्षा, आईसीटी लैब तथा अटल टिकरिंग लैब इत्यादि से साधन सम्पन्न किया जा रहा है।

### नगरीय क्षेत्रों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना

भोपाल। प्रदेश में ऑटो रिक्शा चलाने वाले हितग्राहियों की आमदनी बढ़ाने और शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के मकसद से नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस वर्ष से मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना के अंतर्गत पहले चरण में 3500 हितग्राहियों को फायदा पहुँचाया जायेगा। योजना में लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण राशि में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से ब्याज में सब्सिडी भी दी जायेगी। प्रदेश में नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना का निरंतर वर्ष 2027-28 तक क्रियान्वयन किया जायेगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि योजना के जरिये राज्य सरकार संकल्प-पत्र 2023 के अनुसार ऑटो एवं टैक्सी चालक कल्याण के संकल्प को पूरा करेगी। योजना के अंतर्गत हितग्राही को नवीन ई-रिक्शा क्रय करने के साथ पुराने डीजल एवं पेट्रोल रिक्शा को पुनः सुसज्जित (रेट्रो फिटिंग) कर ई-रिक्शा में परिवर्तित किया जाकर फायदा पहुँचाया जायेगा। चयनित हितग्राहियों को दीनदयाल जन-आजीविका मिशन-शहरी घटक में 4 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त व्यक्तिगत ऋण प्रदान किया जायेगा। इसी के साथ हितग्राही को प्राप्त ऋण पर 8 प्रतिशत का ब्याज अनुदान केन्द्र सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से खाते में प्रदान किया जायेगा।

### एम.पी. ट्रांसको के मेंटेनेन्स कार्मिक लाइनमेन दिवस पर दिल्ली में हुये सम्मानित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी .ट्रांसको) के 4 मेंटेनेंस कार्मिको को भारत पर्यावास केन्द्र दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस 2025 में कंपनी का प्रतिनिधत्व करने पर सम्मानित किया गया। एम.पी. ट्रांसको की ओर से भोपाल के सहायक अभियंता अंकित मेहरोलिया के अलावा जबलपुर से मेंटेनेंस कर्मी कमलेश कुमार रंजन, इटारसी से दीपक कोरी एवं महिदपुर से मानसिंह शामिल हुये। उन्होंने एम.पी. ट्रांसको में ट्रांसमिशन लाइन एवं एक्सट्रा हाईटेंशन सब-स्टेशनों में किये जा रहे मेंटेनेन्स की कार्य शैली और अपने विभिन्न अनुभवों को साझा किया। अंकित मेहरोलिया ने मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन पेट्रोलिंग, वेयर हेंड टेक्निक से किये जा रहे मेंटेनेन्स कार्य आदि के विषय में विस्तार से बताया।

### उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्णय अनुसार मप्र अभिवहन वनोपज समस्त प्रकार की वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के लिये अनुज्ञा-पत्र की अनिवार्यता होगी

**भोपाल।** उच्च न्यायालय जबलपुर मध्यप्रदेश के निर्णय दिनांक एक मार्च, 2025 के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम-2000 के अधीन समस्त प्रकार की वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के लिये अनुज्ञा-पत्र की अनिवार्यता होगी। उल्लेखनीय है कि वन विभाग के राजपत्र दिनांक 24-9-2015 एवं 11-4-2017 द्वारा 62 वृक्ष प्रजातियों को अभिवहन पास से मुक्त किया गया था, जिसके विरुद्ध उच्च न्यायालय जबलपुर में विवेक कुमार शर्मा एवं आनंद तथा अन्य द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका क्रमांक-13864/2019 एवं 26802/2018 लगाई गयी थी, जिस पर उच्च न्यायालय जबलपुर ने निर्णय लेते हुए राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 24-9-2015 एवं 11-4-2017 द्वारा 62 वृक्ष प्रजातियों को अभिवहन पास से मुक्त किया गया था, जिसे निरस्त कर दिया गया।

# बाबा महाकाल की वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया ने की सपत्नीक पूजा-अर्चना

मध्य स्वर्णिम

***भोपाल।*** *महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने सपत्नीक बाबा महाकाल का पंचामृत से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। उनके साथ वित्त आयोग के सचिव कुमार विवेक ने भी बाबा महाकाल की पूजा कर अभिषेक किया। महाकालेश्वर प्रबन्धन समिति की ओर से संभाग आयुक्त संजय गुप्ता और कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके बाद डॉ. पनगढ़िया ने सपत्नीक शक्ति पीठ माता हर सिद्धि मन्दिर मे माता रानी माँ हर सिद्धि की पूजा की और महाकाल लोक का अवलोकन किया।*



# ट्रांसफार्मर व खंभों से दूर जलाएं होली : तोमर

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आम नागरिकों तथा ग्रामीणजनों से आग्रह किया है कि वे होली जलाने को लेकर सावधानी बरतें। ट्रांसफार्मर व खंभों से दूर होली जलाएं, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो। साथ ही सरकारी संपत्ति को किसी तरह की कोई क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि विद्युत लाईनों, उपकरणों एवं खंभो से छेड़खानी करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि जरा सी असावधानी या छेड़खानी से बड़े-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए आम लोगों को कुछ जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिए। ऐसी लाईनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है, यदि आँधी तूफान या अन्य कारणों से अकस्मात टूट जाएं तो उनके समीप जाकर, उन्हें छूकर खतरा



मोल न लें। लाईन टूटने की सूचना निकटस्थ कंपनी अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को शीघ्र दें, संभव हो तो किसी व्यक्ति को उस जगह, अन्य राहगीरों को चेतावनी देने के लिए रखें अथवा 1912 पर संपर्क कर सूचना जरूर देवें। नये घर बनाते समय विद्युत पारेषण अथवा वितरण लाईन से समूचित दूरी रखें, यह कानून की दृष्टि से भी आवश्यक है। उचित फासले के विषय में स्थानीय बिजली कर्मचारी की सलाह लें। खेतों खलिहानों में ऊँची - ऊँची घास की गंजी, कटी फसल की ढेरियाँ, झोपड़ी मकान तंबू आदि विद्युत लाईनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें। विद्युत लाईनों के नीचे से अनाज, भूसे आदि की ऊंचाई तक भरी हुई गाड़ियाँ न निकालें इससे आग लगने एवं प्राण जाने का खतरा है।

गॉव और शहरों में होली का उत ?सव मनाने के दौरान बहुत सी लकड़ियों को इकट्ठा कर चौराहों पर होलिका दहन किया जाता है। यदि विद्युत लाईनें ऊपर से जा रही हों तो तारों के नीचे होली नहीं जलानी चाहिए। क ?योंकि आग की लपटों से एल्यूमिनियम के तारों के गलने और टूटने की संभावना होती है। बहुत से स्थानों पर बच्चे पतंग अथवा लंगर का खेल खेलने के दौरान तरह-तरह के धागे, डोर विद्युत की लाईनों में फंसा देते हैं।

# मक्के के आटे से बनाया जाता है हर्बल गुलाल

मध्य स्वर्णिम

**जबलपुर।** होली को रंगों का त्योहार कहा जाता है और रंग-गुलाल के बिना यह त्योहार अधूरा है। रंग-गुलाल में रासायनिक पदार्थ मिले होने के कारण लोग सुरक्षा कारणों से होली खेलने से बचते हैं। जबलपुर में होली के विशेष तौर पर हर्बल गुलाल तैयार किया जाता है, जिसे मक्के के आटे से बनाया जाता है। इसमें किसी प्रकार के रसायन का उपयोग नहीं किया जाता है। जबलपुर जिले में गढ़ा कुम्हार मोहल्ला निवासी गणेश बर्मन और उनके छोटे भाई दुर्गेश बर्मन इस



हर्बल गुलाल की तैयार करते हैं। प्राकृतिक गुलाल बनाने के लिए उन्हें अनेक अवसर पर पुरस्कृत भी किया गया है। उन्होंने बताया कि गुलाल का निर्माण मक्के के आटे और फूलों की पंखुड़ियों से किया जाता है। प्राकृतिक पदार्थों से बने होने के कारण यह गुलाल त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। फूलों के कारण गुलाल से सुगंधित हो जाता है। उनके द्वारा बनाए जा रहे गुलाल की डिमांड में प्रतिवर्ष बढ़ोतरी हो रही है, जिसका मुख्य कारण लोगों में प्राकृतिक वस्तुओं के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। इसके अलावा केमिकल त्वचा के लिए हानिकारक है और त्वचा रोग का कारण है। उनका गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक है और त्वचा के लिए भी सुरक्षित है।

# अंगदान परोपकार का सर्वोच्च उदाहरणः राजेन्द्र शुक्ल

## जाते-जाते दो लोगों को जीवन दे गये पूरन



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि अंगदान एक महान पुण्य कार्य है, जिससे न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह मानवीय संवेदना और परोपकार का सर्वोच्च उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्व. पूरन चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की है और समाज से अंगदान को जीवनदायी संकल्प के रूप में अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अंगदान के प्रति बढ़ती जागरूकता, चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टॉफ की कार्य कुशलता एवं आपसी समन्वय से अत्यंत ही सुखद परिणाम आ रहे हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जबलपुर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की पूरी टीम प्रशासन और पुलिस की कुशलता एवं तत्परता की सराहना की है।

उल्लेखनीय है कि 5 मार्च को जबलपुर के पूरन चौधरी कार्य स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिससे उन्हें गंभीर सिर की चोट आई। मेडिकल कॉलेज जबलपुर में भर्ती होने के बाद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग में उनकी जांच की गई, जिसमें ब्रेन डेड की पुष्टि हुई। तत्पश्चात, चिकित्सकों ने परिजनों को अंगदान के महत्व की जानकारी दी, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

### डेढ़ माह में जबलपुर में आर्गन ट्रांसपोर्टेशन के लिये बनाये गये दो ग्रीन कॉरिडोर

इसके बाद, स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन इंदौर को सूचित कर आवश्यक तैयारियाँ की गईं। कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, जिससे एक किडनी बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर और दूसरी बड़ेरिया मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर में जरूरतमंद मरीज को सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट की गई। इस संपूर्ण प्रक्रिया में डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह कुशवाहा, डॉ. जितिन बजाज, डॉ. फनीन्द्र सिंह सोलंकी, अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, प्रशासन और पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। अंगदाता स्व. पूरन चौधरी की पार्थिव देह को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान पहुँचाया गया और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

# मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 250 से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया : देवड़ा



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शुक्रवार को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ क्षेत्र में विभिन्न सड़कों का भूमि-पूजन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 250 से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने ग्राम अम्बाव में 1 करोड़ 98 लाख 46 हजार से निर्मित होने वाले अम्बाव से सनावदा मार्ग, 2 करोड़ 76 लाख 21 हजार से निर्मित होने वाले बालागुड़ा से सुजानपुरा मार्ग, 2 करोड़ 84 लाख 82 हजार रूपये से निर्मित होने वाले खेड़ाखदान से कनघट्टी चौराहा मार्ग, 4 करोड़ 16 लाख 69 हजार रूपये से निर्मित होने वाले उगरान से छाछखेड़ी सड़क मार्ग का भूमि-पूजन किया।

इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम सिंदपन में 19 करोड़ 11 लाख 97 हजार से निर्मित होने वाले सड़कों का भूमि-पूजन किया। जिसमें 2 करोड़ 93 लाख 81 हजार से निर्मित होने वाले मिण्डलाखेड़ा से हनुमंतिया मार्ग, 2 करोड़ 61 लाख 34 हजार से निर्मित होने वाले अरनियामीणा से डोडियामीणा मार्ग, 7 करोड़ 58 लाख 8 हजार से निर्मित होने वाले अरनियामीणा से सिंदपन कामलिया मार्ग, 1 करोड़ 20 लाख 85 हजार से निर्मित होने वाले कामलिया से लसूडियाराठौर मार्ग, 1 करोड़ 68 लाख 20 हजार से निर्मित होने वाले खाखरियाखेड़ी से चौथखेड़ी सड़क मार्ग एवं 3 करोड़ 9 लाख 69 हजार से निर्मित होने वाली हनुमंतिया से पलेवना सड़क मार्ग का भूमि-पूजन किया।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम ईरली में 15 करोड़ 94 लाख 51 हजार से निर्मित होने वाले सड़कों का भूमि-पूजन किया। जिसमें 13 करोड़ 57 लाख 8 हजार से निर्मित होने वाले हरसोल से आवनाकाचरिया, इंरली, काल्याखेड़ी होते हुए खडपालिया तक सड़क मार्ग, 2 करोड़ 37 लाख 43 हजार की लागत से निर्मित होने वाली आवना काचरिया से चन्द्रपुरा मार्ग, ग्राम टिडवास में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन टिडवास का लोकार्पण, बरखेडाडांगी से सुदवास मार्ग, दोबड़ा से रूपारेल सड़क मार्ग का भूमि-पूजन किया।

# नकली बीज और नरवाई जलाने पर हो सख्त कार्रवाईः कंषाना

## मंत्रालय में हुई किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की समीक्षा



**भोपाल।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि नकली बीज विक्रय और किसानों द्वारा गेहूं एवं चने की फसल की नरवाई खेतों में जलाने पर सख्त कार्रवाई की जाये। मंत्री कंषाना ने अधिकारियों को यह निर्देश मंत्रालय में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए। कृषि मंत्री कंषाना में कहा कि खरीफ 2025-26 के लिए सोयाबीन, कपास और मक्का के बीज की कार्य योजना तैयार कर ली जाए। केंद्रीय योजनाओं के प्रदान किए गए लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में गेहूं के लिए स्थापित किए गए उपार्जन केंद्रों पर किसानों की बैठने एवं पानी की उचित व्यवस्था की जाए। मंत्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं का बेहतर संचालन किया जाए और किसानों के खेतों की मिट्टी का अधिकाधिक परीक्षण सुनिश्चित करें। फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को जागरूक भी किया जाए। बैठक में इंदौर संभाग के संयुक्त संचालक कृषि और जिलों के उप संचालक कृषि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# विकास की धुरी बन रही प्रदेश की सशक्त नारी



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को ₹ 1552.73 करोड़**

**26 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि ₹ 55.95 करोड़ का अंतरण**



## स्व-सहायता समूह सम्मेलन

(सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थल)

क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण

8 मार्च, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

D-11208/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025